राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-302
लखनऊ, शनिवार 22 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



स्वस्थ व निरोग रहने के लिए नियमित करें योगाभ्यास : केशव प्रसाद मौर्य 03

टी-20 विश्व कप में हैट्रिक वाले सातवें व दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने कमिंस 12

## संक्षिप्त समाचार

### सीने में दर्द की शिकायत के बाद आसाराम एम्स में भर्ती

**जयपुर।** बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को सीने में दर्द की शिकायत के बाद जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। सोमवार को आसाराम ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद जेल अधिकारी उसे जेल डिस्पेंसरी ले गए, जहां उसका इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट हुआ। गुरुवार को उसे नियमित जांच के लिए एम्स ले जाया गया, जहां उसे एनीमिया पाया गया। हालांकि, उसकी अन्य जांच रिपोर्ट सामान्य थी। जांच के बाद उसे जेल भेज दिया गया। गुरुवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत पर आसाराम को फिर से एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर 1.671 करोड़ का सोना जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हवाई अड्डे पर तीन अलग-अलग मामलों में 1.67 करोड़ रुपये मूल्य का ढाई किलो से अधिक सोना जब्त किया गया है। चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है चेन्नई सीमा शुल्क विभाग की खुफिया इकाई ने 17 एवं 18 जून को मलेशिया तथा अबू धाबी से आए यात्रियों से विभिन्न रूपों में क्रमश: 710 ग्राम, 1,056 ग्राम और 900 ग्राम सोना बरामद किया। सीमा शुल्क विभाग ने कहा, ष्इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और तीनों मामलों की जांच जारी है।

### खंडवा में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में शुक्रवार सुबह लोगों ने भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए। इससे लोग घबरा कर घरों से बाहर निकल आए। किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिए जानकारी दी है कि मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 3.6 मापी गई है। भूकंप का केंद्र खंडवा से 10 किलोमीटर दूर रहा। शहर के नागचून रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कीर्ति नगर, नवकार नगर, गुलमोहर कॉलोनी, आनंद नगर, माता चौक, इमलीपुरा, हातमपुरा, सिंघाड़ तलाई, छैगांवमाखन समेत कई इलाकों में कंपन से डरे लोग घरों से बाहर निकल आए।

### लुढ़का शेयर बाजार, निवेशकों को 1.67 लाख करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 12 जून से लगातार जारी तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लग गया। हालांकि आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। बाजार खुलने के बाद निफ्टी खरीदारी के सपोर्ट से अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में भी सफल रहा लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार में गिरावट आ गई।

# मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है योग : सीएम

### सीएम ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास में लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में सम्मिलित हुए और योगाभ्यास किया। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर के भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ यदि हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए भारत की इसी परंपरा के प्रति, इसी श्रद्धा को व्यक्त करने का एक माध्यम बना है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रांगण में बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकगणों ने पूरे उत्साह से सामूहिक योगाभ्यास में किया।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि योग दिवस के अवसर पर हम अपनी विरासत का स्मरण करते हुए भारत की ऋषि परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। ये अवसर हमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदान किया है, जिनके विजन और प्रयासों का परिणाम है कि आज दुनिया के लगभग पौने दो सौ देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुड़कर भारत की इस विरासत के साथ खुद को जोड़कर के हमारी संस्कृति और परंपरा को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे। अपनी परंपरा और पूर्वजों व विरासत के प्रति इससे बड़ा सम्मान और कोई नहीं हो सकता।



### काया स्वस्थ है तो मन स्वयं ही स्वस्थ हो जाएगा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि योग एक संपूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारत की ऋषि परंपरा को देखें तो उन लोगों के पास कितनी दूरदर्शिता थी, किस तरह उन्होंने समाज को जोड़ा, धर्म को योग के साथ जोड़ने का एक अभिनव प्रयास इस रूप में हुआ। जब हम धर्म की बात करते हैं तो धर्म के दो हित सामने दिखते हैं। एक है इस लोक में विकास के लिए, खुशी और खुशहाली के लिए, ईज ऑफ लिविंग के लिए कार्य करना। और दूसरा है कि जन्म के बाद मोक्ष की प्राप्ति हो। यानी धर्म के दो हित भारत की ऋषि परंपरा ने हम सबको बताए हैं। योग भी हम सबको उसी परंपरा के साथ जोड़ने का काम करता है। भारतीय मनीषा भी इसी बात को कहती है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्, अर्थात सभी कार्य तभी पूर्ण हो सकते हैं जब आपका शरीर साथ हो। काया स्वस्थ है तो मन स्वयं ही स्वस्थ हो जाएगा। योग में हर किसी के लिए अलग-अलग योग विद्याएं हैं। बालक हों, युवा हों, अधेड़ हों या फिर बुजुर्ग हों, सभी योग का अभ्यास करके खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं।

### दिनचर्या में शामिल करें योग

सीएम योगी ने योग दिवस की थीम पर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिस थीम योग सबके लिए के साथ पूरी दुनिया में आयोजित हो रहा है, इसका अर्थ है कि इसमें कोई भेद नहीं है। इसमें जाति का भेद नहीं है, क्षेत्र का, भाषा का, काल का, देश का भेद नहीं है। मेरी अपील है कि योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं। एक समय आपको स्वयं अहसास होगा कि जो भी समय आपने योग के लिए समर्पित किया है वो आपके स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिए, आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम रहा है। यदि नियमित दिनचर्या के साथ इसको आगे बढ़ाएंगे तो इसका हमें भरपूर लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी और योग साधव व प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे।

## समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा योग : मोदी



एजेंसी

**श्रीनगर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निर्णय के बाद पिछले एक दशक में दुनिया में योग का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं।

श्री मोदी ने योग दिवस पर आज श्रीनगर में विशेष रूप से आयोजित योग शिविर का नेतृत्व किया और इस केंद्र शासित क्षेत्र, देश और दुनिया के लोगों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ' योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है।' श्री मोदी ने श्रीनगर के योग शिविर कार्यक्रम में भाग लेने वालों के साथ बाद में मुलाकात की और उनके साथ मोबाइल फोन से ली गयी सेल्फी को सोशल मीडिया पर साझा किया। श्रीनगर का कार्यक्रम प्रसिद्ध डल झील के किनारे होने वाला था लेकिन बारिश के कारण इसे झील के किनारे ही एक बड़े सम्मेलन कक्ष में सीमित करना पड़ा। श्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा, आज विश्व के बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों में योग पर अध्ययन चल रहे हैं। अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब सीमित दायरों से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नयी योग इकॉनामी को आगे बढ़ते देख रही है। आप देखिए, भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग टूरिज़्म का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक इसलिए भारत आ रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां प्रामाणिक योग सीखना है।' श्री मोदी ने योग के चलते उभर रही व्यवसाय की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योगा रिट्रीट और रेजॉर्बट बनाए जा रहे हैं। हवाई अड्डों, होटलों में योग के लिए विशेष जगहें बनाई जा रही हैं। मार्केट में योग के लिए डिजाइनर परिधान, कपड़े, उपकरण आ रहे हैं। लोग अब अपनी फिटनेस के लिए पर्सनल योग ट्रेनर्स भी रख रहे हैं। कंपनियां भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन की पहल केतौर पर योग और माइंडफुलनेस प्रोग्राम्स शुरू कर रही हैं। इन सबकी वजह से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सामने आये हैं।

## सीएम केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के श्री केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद श्री केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।

### पूर्व स्पीकर पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी ने थामा कांग्रेस का हाथ

**तेलंगाना/नई दिल्ली।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका देते हुए वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। उनके साथ बेटे भास्कर रेड्डी ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सीएम रेवंत रेड्डी ने अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ अपने आवास पर उनका पार्टी में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने व्यक्तिगत तौर पर श्रीनिवास रेड्डी के घर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल होने का निमंत्रण दिया था।

## यूपीटीएफ ने कोर्ट में पेश की चार्जशीट

### कॉन्स्टेबल पेपर लीक मामला : पेपर प्रिंट करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में यूपीटीएफ ने शुक्रवार को चार्जशीट कोर्ट में पेश की। यूपीएसटीएफ की मेरठ यूनिट ने मास्टरमाइंड रवि अत्री समेत 18 आरोपियों के खिलाफ 900 पेज की चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा के साथ लॉजिस्टिक्स कंपनी टीसीआई एक्सप्रेस के कर्मचारी शिवम गिरी, रोहित पांडे, अभिषेक शुक्ला और दिल्ली पुलिस के सिपाही विक्रम पहल का भी नाम है।



वहीं पेपर प्रिंट करने वाली कंपनी एजुटेस्ट के मालिक विनीत आर्य और उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम भी लीक कांड से जुड़े हैं। विनीत आर्य ने कोर्ट में डिक्लेरेशन देकर कहा कि पेपर छापने का टेंडर मिलने से पहले उन्हें किनारे कर दिया गया। यूपीएसटीएफकी जांच में सामने आया है कि जिन लोगों के पास कंपनी का मालिकाना हक था वह भी विनीत आर्य के पारिवारिक सदस्य हैं। यूपीटीएफ चार बार विनीत आर्य को नोटिस भेज चुकी है। पेपर छापने वाली कंपनी एजुटेस्ट को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। यूपीएसटीएफ की जांच में पता चला है कि विनीत आर्य का अभी तक किसी गैंग से कोई कनेक्शन तो नहीं है, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है।

### थाने पर पथराव 14 पुलिसकर्मी हुए घायल

**जलगांव।** महाराष्ट्र में जलगांव जिले के जामनेर में छह वर्षीय बच्ची के यौन उत्पीड़न और उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति को सौंपे जाने की मांग कर रहे कुछ लोगों के एक समूह ने पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर पथराव किया जिसमें कम से कम 14 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया, ''जामनेर के चिंचखेड़ा शिवार गांव में 11 जून की रात छह साल की बच्ची का कथित तौर पर अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई।

## झुनझुनवाला के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला के जौनपुर और वाराणसी के नाटी ईमली स्थित आवास एवं अन्य व्यावसायिक ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। इस दौरान किसी को भी आवास एवं प्रतिष्ठानों में आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई।

ईडी के अधिकारियों ने कई घंटों तक विभिन्न दस्तावेज, कम्प्यूटर और लैपटाप को खंगाला। छापेमारी में स्थानीय पुलिस का सहयोग नहीं लिया गया। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने यह





कार्रवाई बैंक लोन धोखाधड़ी के मामले में की है। छापेमारी में झुनझुनवाला परिवार और उनके व्यवसाय प्रबंधन से जुड़े लोगों के मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। झुनझुनवाला के वाराणसी स्थित आवास पर 15 से अधिक अधिकारियों की टीम ने बैंक लोन से जुड़ी फाइलों और कंपनी की संपत्तियों के ब्यौरा को भी देखा। बैंक लोन धोखाधड़ी के मामले में 2020 में मुकदमा दर्ज हुआ था।

बैंक लोन धोखाधड़ी में जेवीएल एग्रो लिमिटेड समूह के मालिक दीनानाथ झुनझुनवाला के वाराणसी के नाटी इमली, सारनाथ, सिंधौरा रोड एवं जौनपुर और बिहार की फैक्ट्रियों पर छापेमारी हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य बैंकों से जेवीएल एग्रो लिमिटेड समूह ने ऋण लिया था जिसे लौटाया नहीं गया। वर्ष 2019 में सीबीआई ने भी दीनानाथ के आवास एवं कार्यालय पर छापेमारी की थी।

### हज यात्रा में इस साल अब तक 98 भारतीयों की मौत : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि वार्षिक हज यात्रा पर गए 98 भारतीयों की वहां प्राकृतिक कारणों से मौत हुई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले साल हज यात्रा के दौरान 187 भारतीयों की मौत हुई थी। साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 9 मई से 22 जुलाई तक होने वाली सालाना हज यात्रा में इस साल एक लाख 75 हजार भारतीय तीर्थयात्री मक्का गए हैं। इस साल अबतक 98 भारतीयों की मौत की जानकारी है।

## पेपर लीक करने वाली कंपनी की संपत्ति की वसूली करे यूपी सरकार : अखिलेश यादव

### हर बाहरी कम्पनियों की गहनता से हो जांच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि ये आरोप बेहद गंभीर है कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आयोजित करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही पेपर लीक करवाने में हाथ है।



जनता के गुस्से से बचने और दिखाने भर के लिए उस कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उप्र सरकार उस कंपनी और उसके मालिक के ख़िलाफ एफआईआर की कॉपी सार्वजनिक करना चाहिए। गुजरात भेजकर उसकी संपत्ति वसूलने की हिम्मत दिखाए। ऐसे आपराधिक लोग उत्तर प्रदेश के 60 लाख युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के दोषी हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार साबित करे कि वो इन अपराधियों के साथ है या प्रदेश की जनता के साथ।अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में काम करने वाली हर कंपनी के इतिहास और उसकी सत्यनिष्ठा-गुणवत्ता की जांच की जाए।

## बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचीं भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम यहां पहुंचीं। श्रीमती हसीना की यह एक माह में नयी दिल्ली की दूसरी यात्रा है। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगी और दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वह कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बंगलादेश की प्रधानमंत्री का नयी दिल्ली के इंदिरागांधी



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बंगलादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। मंत्रालय ने कहा, बंगलादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। शेख हसीना की इस यात्रा से इस प्रतिष्ठित द्विपक्षीय साझेदारी को और बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कई आमंत्रित गणमान्य विदेशी नेताओं के साथ श्रीमती हसीना भी गत नौ जून को दिल्ली आयी थीं।

### ईसीआई ने जम्मू कश्मीर समेत चार राज्यों में शुरू की विस चुनाव की तैयारी

**नई दिल्ली।** देश में आम चुनाव संपन्न कराने के बाद अब चुनाव आयोग हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारियों में जुट गया है। आयोग ने चुनावी विवरणों को अपडेट करने के साथ इसकी शुरुआत कर दी है। चुनाव आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अपडेट करने की शुरुआत 1 जुलाई की तिथि को मानते हुए आरंभ कर दी गई है। तीनों राज्यों में वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और अगले साल 05 जनवरी को समाप्त होने जा रहा है। इन विधानसभाओं के चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने आवश्यक हैं। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद नए सदन के गठन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के लिए आम चुनाव भी कराए जाने हैं।

सुनवाई

### परीक्षा रद्द करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र और अन्य को नोटिस जारी

## नीट-यूजी 2024 की काउंसलिंग नहीं टालेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को विवादों में घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2024 की छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया और कहा कि यह कोई 'खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है।

शीर्ष अदालत ने पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद्द करने के आग्रह वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और



न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई आठ जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया, ''मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि छह जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला आठ जुलाई को सूचीबद्ध है।श्श् पीठ ने कहा, ''हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। आपको बीच में रोकने को अन्यथा न लें। काउंसलिंग का मतलब 'खोलना और बंद करनाश् नहीं है। यह एक प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया छह जुलाई से शुरू हो रही है।श्श् जब पीठ ने काउंसलिंग के पहले दौर की अवधि के बारे में पूछा, तो मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा कि यह लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। पीठ ने काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से इनकार करते हुए कहा कि एनटीए, केंद्र और अन्य उत्तरदाताओं की ओर से पेश अधिवक्ता दो सप्ताह के भीतर याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। पीठ ने एनटीए को कुछ निर्देश देने का अनुरोध करने वाले एक अलग आवेदन पर भी विचार किया। आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि एनटीए ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है। इसके बाद पीठ ने एनटीए के अधिवक्ता से आवेदन पर जवाब दाखिल करने को कहा और इसे आठ जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। केंद्र ने शीर्ष अदालत को 13 जून को बताया था कि एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी 2024 में शामिल 1563 अभ्यर्थियों को अनुग्रह अंक देने का निर्णय रद्द कर दिया गया है।

# प्रेमी युगल नदी में कूदा, प्रेमी का शव बरामद, प्रेमिका लापता

▸ ढखेरवा गांव से शारदा नगर स्थित श्री बालाजी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए बाइक से निकले थे प्रेमी युगल



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन के ढखेरवा गांव से प्रेम प्रसंग के चलते बुधवार को अपने घरों से लापता हुए एक प्रेमी युगल के जोड़े ने घाघरा बैराज के पास ठोकर बांध से नदी में छलांग लगाकर अपने प्रेम प्रसंग को लैला मजनू की तरह चौराहे में अपना इतिहास रच दिया है। गुरुवार दोपहर नदी से प्रेमी युवक का शव और प्रेमिका युवती का दुपट्टा बरामद होने के बाद जहां दोनों परिवारों में कोहराम मच गया तो वही घटना इलाके में आग की तरह फैल गई। मछुआरों को युवती का दुपट्टा नदी से मिलने के बाद आशंका है कि प्रेमी युगल के जोड़े ने एक साथ नदी में छलांग लगाकर अपने प्रेम प्रसंग की जीवन लीला ही समाप्त कर ली है। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव ढखेरवा निवासी सरोज अवस्थी के पुत्र अभिषेक अवस्थी का पड़ोस के ही भारत भार्गव की पुत्री पूजा भार्गव के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह अभिषेक अपनी बाइक से पूजा को लेकर गांव से फरार हो गया था और दूसरे दिन गुरुवार दोपहर जनपद बहराइच के थाना सुजौली के अंतर्गत घाघरा बैराज के निकट ठोकर बांध के पास नदी से उसका शव बरामद हुआ है। बताते हैं कि जिस जगह से अभिषेक का शव बरामद हुआ है उससे कुछ ही दूरी पर तलाश कर रहे मछुआरों को युवती पूजा का दुपट्टा भी मिला है। और घटनास्थल से बाइक भी बरामद हो गई है। बाइक की डिग्गी से लड्डुओं के प्रसाद का डिब्बा पाया गया है। इससे परिजन अनुमान लगा रहे हैं कि युवक युवती घर से गायब होने के बाद पहले शारदा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर गए जहां दोनों ने प्रसाद चढ़ाने के उपरांत किसी डर से वापस घर ना जाकर ढखेरवा होते बहराइच मार्ग पर घाघरा बैराज पहुंचे और गांव में हुए शोर शराबा के बाद वह लोक लज्जा के डर से दोनों ने घाघरा नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। नदी में मछुआरों के द्वारा युवती के शव की तलाश जारी है।

उधर नवयुवती के पिता भारत भार्गव ने गुरुवार को पढ़ुआ थाने में तहरीर देकर उक्त अभिषेक के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अभिषेक अगवा कर ले गया है। इसके बाद से पुलिसकर्मी और दोनों के परिवारीजन खोजबीन में जुट गए थे लेकिन गुरुवार दोपहर घाघरा बैराज से कुछ दूरी पर जनपद बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र के घाघरा नदी में युवक का उतराता हुआ कुछ लोगों ने शव देख पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया। उधर मछुआरों के द्वारा काफी तलाश के बावजूद भी युवती का शव नदी से बरामद नहीं हो सका है। नदी से युवती का सिर्फ दुपट्टा मिलने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

# नहर में उतराता मिला युवक का शव, हड़कंप

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार से लापता एक युवक का शव शुक्रवार की सुबह बनकागॉव से निकली शारदा नहर में उतराता हुआ मिला जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया? मौके पर पहुंचे मृतक के बड़े भाई मुकेश बाबू ने शव की शिनाख्त अपने छोटे भाई सत्यदेव के रूप में की। गांव नहिलोरा खुर्द निवासी मुकेश बाबू ने बताया कि उनके भाई 35 वर्षीय सत्यदेव 19 जून की दोपहर साइकिल से किसी काम से गांव नाहिल गए थे। देर शाम तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। आधी रात तक तलाश के बाद परिजन थक-हारकर घर चले आये। बृहस्पतिवार सुबह से सत्यदेव की तलाश फिर से शुरू की गई। दोपहर बाद उनकी साइकिल और चप्पलें गांव नवाबपुर गंगा के पास शारदा नहर के किनारे मिली थी।जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को जानकारी देकर सत्यदेव का पता लगवाने की मांग की थी। पुलिस ने सत्यदेव की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की थी। नहर में उसका शव मिलने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों के साथ पुवाया भेज दिया। मृतक सत्यदेव भाइयों में दूसरे नंबर का था उससे छोटे तीन भाई दिलीप मनीष मोहित है।

वह खेती-बाड़ी करता था। उसकी शादी 10 साल पहले हुई थी और एक भी बच्चा नहीं था।



## कम्बाइन की टक्कर से बालक की मौत

**बिजुआ खीरी।** साठा धान काट रही कम्बाइन मशीन की चपेट में आने से इटकुटी निवासी कार्तिक पुत्र ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में कार्तिक को सीएचसी बिजुआ ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भीरा थाना क्षेत्र के गांव इटकुटी निवासी ओमप्रकाश का 12 वर्षीय पुत्र कार्तिक शुक्रवार सुबह पास के गांव चमरु टांडा में साठा धान की फसल कटा रहे खजांची के खेत में दोस्तों के साथ पुआल लेने गया था। खेत में धान कटाई कर रही कंबाइन मशीन के पीछे बच्चे पुआल उठा रहे थे कि अचानक कम्बाइन चालक ने बिना कोई संकेत हॉर्न दिए कम्बाइन को पीछे की तरफ बैक कर दिया जिससे कार्तिक कम्बाइन की चपेट में आ गया जिसे गंभीर चोटें आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में कार्तिक को उठा कर बिजुआ सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर टीम सहित मौके पर पहुंचे भीरा थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी व बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया व बिजुआ निवासी से सच्चिदानंद पांडे की कंबाइन मशीन को भीरा पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर भीरा थाना परिसर में खड़ी करवा लिया। कार्तिक की असमय मौत से हर कोई क्षुब्द है।

## विद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सिंगाही-खीरी।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह, योग शिक्षक भै.शेष शुक्ला व विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रामाकांत अवस्थी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन किया। सर्वप्रथम भै. शेष शुक्ल ने विद्या भारती द्वारा प्रदत्त योग पाठ्यक्रम से संबंधित सभी योग,आसन व प्राणायाम को विद्यालय में उपस्थित भैया/ बहन, आचार्य बन्धु, प्रबन्ध समिति के सदस्य, अभिभावक बन्धु, समाज के गणमान्य नागरिक और एनसीसी के कैडेट तथा एनसीसी अधिकारी मुनीश कुमार दीक्षित,इंद्रेश वर्मा, अमित मिश्रा व ललिता बरनवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य रजनीश कुमार मिश्र ने योग के उद्देश्य व महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग का एकमात्र उद्देश्य आत्मा- परमात्मा के मिलन द्वारा समाधि की अवस्था को प्राप्त करना है।

# शिकायतकर्ताओं के पात्र होने की जांच में आठ रहे अपात्र



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लगातार आए दिन कहीं ना कहीं अपात्र अनियमितता से निर्माण और अवैध वसूली जैसे मामले आए दिन समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी रहती है लेकिन गरीब तबके को मिलने वाली पक्की सुविधाओं में जिम्मेदार अपनी जेबें भरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। लखीमपुर जनपद के फिसड्डी तीन ब्लाकों में से बिजुआ ब्लॉक भी एक ऐसा ब्लॉक रहा है जो इस बार विकास कार्य कराए जाने में फिसड्डी की सूची में शामिल है। ऐसे में बिजुआ ब्लॉक अधिकारियों पर भी उच्च स्तरीय अधिकारियों की कार्यवाही लटक रही है।

वहीं अभी हाल ही में बिजुआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बीबीपुर के मजरा माहूं टांडा के करीब एक दर्जन ग्रामीणों ने शपथ पत्र के माध्यम से आवासों के अवैध तरीके के निर्माण और पात्रों के निर्माण कराए जाने संबंधी मामले की शिकायत की थी इस संबंध में लखीमपुर जनपद के परियोजना निदेशक ने गुरुवार को बिजुआ की ग्राम पंचायत बीबीपुर के मजरा माहूं टांडा में औचक निरीक्षण किया जिसमें पात्रों अपात्रों सहित वर्तमान में स्थिति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की वहीं कुछ मामलों में खंड विकास अधिकारी को भी फटकार लगाई। जांच करने के दौरान कुछ ग्रामीण में नोक झोंक भी हुई। परियोजना निदेशक खीरी ने बताया कि मौके पर जांच की गई है। कुछ लोगों ने बिना किसी व्यक्ति के नाम दिए ही शिकायत की थी और कहा था की कुछ लोगों को आवास दिया गया है वह पात्र नहीं है और मुझे नहीं दिया गया जिसको लेकर सबसे पहले शिकायतकर्ताओं के पात्र होने की जांच की जिसमें आठ व्यक्ति अपात्र रहे। दो व्यक्तियों की जांच के लिए खंड विकास अधिकारी को भेजा गया है। ग्रामीणों से पात्र अथवा अपात्र होने की सूची ब्लॉक से उपलब्ध कराकर उसे विशेष व्यक्ति की जांच करने को कहा गया है जो अपात्र अथवा पात्र की श्रेणी में है।

# रास्ते की जमीन पर कब्जा करवाने का आरोप, एसडीएम से की शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज**

तहसील गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत नगरा सलेमपुर गांव में कथित रूप से रास्ते की जमीन पर कब्जे का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है।

ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि जब से गांव बसा है तब से रास्ते की जमीन से सटा कर गोबर खाद डालते आ रहे हैं जोकि गाटा संख्या 563 (0.368 हे.) रास्ते के रूप में दर्ज राजस्व अभिलेख है और रास्ते के पीछे से गाटा संख्या 556 (0.13 हे.) द्वारिका प्रसाद और शांति देवी ने जानकारी के अनुसार सन 1995 में खरीदी थी। ग्रामीणों के मुताबिक विपक्षी गोवर्धन लाल व पंकज वर्मा की साठ-गांठ से लेखपाल अनिल त्रिपाठी और कानूनगो के साथ मिलकर 26/12/2023 में तहसीलदार के द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित कराकर गोबर खाद के गड्ढे खाली कर लिए थे जबकि रमेश कुमार, हीरालाल, नरेश मदनलाल, रमेश चंद्र पांडे, धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र यादव, विनोद कुमार, रामपाल आदि वादी पक्ष की तरफ से मोहम्मदी कोर्ट में 21/12/2023 को दीवानी का वाद दायर किया गया था। वादी पक्ष का आरोप है कि कोर्ट में विचाराधीन भूमि होने के पश्चात भी लेखपाल और कानूनगो के द्वारा विवादित भूमि में हस्तक्षेप कर वादी पक्ष से अतिक्रमण मुक्त कराई गई जिस पर पुनः 16 जून 2024 दिन रविवार को गांव के ही विपक्षी समस्त परिवार के साथ मिलकर लेखपाल और कानूनगो से सांठ गांठ कर जमीन पर कब्जा कर पिलर लगाकर पूरी भूमि पर मिट्टी पटाई कर रहे है।

# ठहाकों से गूंजा गगन... योगमय हुआ मंडी परिसर



**लखीमपुरखीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ परिवहन मंत्री ने किया शुभारंभ, अफसरों एवं आमजन संग किया योगाभ्यास

**योग से तन और मन रहता है स्वस्थः परिवहन मंत्री**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह ने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दशम संस्करण को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मना रहे हैं। लखीमपुर जनपद में हम सब लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस योग दिवस में हिस्सा लिया।

**योग को दिनचर्या में करे शामिलः नोडल अधिकारी**

जनपदीय नोडल अधिकारी महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) किंजल सिंह ने सभी जनपदवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस卐 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें तन और मन से फिट रहना है। लिहाजा योग जरूर करना चाहिए। कहा कि योग से तन और मन स्वस्थ रहता है। सभी लोग योग को जीवन का हिस्सा बनाकर अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को समग्र प्रेरणा देता है।

शुक्रवार को खीरी में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिला मुख्यालय पर कृषि उत्पादन मंडी समिति में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए। इसी के साथ तहसील, ब्लाक व विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवहन विभाग दयाशंकर सिंह, जनपदीय नोडल अधिकारी महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) किंजल सिंह, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी राममोहन गुप्ता ने किया।

# जमीन को भूमिधरी करवाने के नाम पर जालसाजों ने की ठगी

▸ पीड़ित ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार

> थाना सिंगाही के सीयूजी नंबर पर जानकारी जुटाने की कोशिश की गई लेकिन एसआई सुनील कुमार रावत ने बताया कि मैं कोर्ट में हूं शाम को आऊंगा तो सब से बात कर लूंगा।

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पट्टे की जमीन को भूमिधरी करने के नाम पर जाल साजों ने एक लाख की ठगी की। पीड़ित ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। तेहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया में प्रार्थी दिलीप मौर्य की पत्नी के नाम से 11/7/2016 को 0.34 हेक्टेयर जमीन का पट्टा बना था। लेकिन कुछ कारण की वजह से जमीन भूमिधरी नहीं हो पाई। भूमि धरी करवाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन नहीं हो पाई। जिसमें नौबाना गांव का एक व्यक्ति और दूसरा ग्राम पंचायत सिंगाही देहात का व्यक्ति है इन दोनो लोगों ने एक लाख रुपए लेकर भूमिधरी करवाने का ठेका लिया। 8 महीने बीत जाने के बाद भी जमीन भूमि धरी नहीं हुई और विपक्षी ने फर्जी कागज बनवाकर प्रार्थी को दे दिया और जान से मार देने की धमकी दे रहे। पीड़ित ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी ओयल कस्बे के सृजन इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के दोनों विंग में दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी डॉ0 सुमंत कुमार, नर्सिंग इकाई के प्राचार्य डॉ0 प्रेम प्रकाश सुमन एवं फॉर्मा इकाई के प्राचार्य डॉ0 त्रिभुवन ने महर्षि पतंजलि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल का संचालन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल, अंशकालिक योग प्रशिक्षक सुमन राजपूत तथा प्रदर्शन योग वॉलिंटियर प्रगति बरनवाल, अश्वनी राजपूत सहित योग सहायक रुचि शुक्ला एवं राजदीपिका तिवारी ने किया। योगाभ्यास के अंत में योग शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट के समस्त फैकल्टी स्टॉफ सहित नर्सिंग और फॉर्मा विंग के सैकड़ों बच्चें शामिल हुए।


## कार्यालय ग्रा0पं0 रसीदपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 दिनांक 21/06/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसीदपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 22/06/2024 से 28/06/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/06/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/06/2024 से 28/06/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मुकेश के घर से दीवारी लाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सूर्यकांत) सचिव (करन सिंह )

ग्राम पंचायत रसीदपुर, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।


# योग दिवस पर मंत्री, प्रमुख सचिव व डीएम सहित अधिकारियों ने किया योगाभ्यास



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दशम अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में प्रातः राज्यमंत्री रामकेश निषाद जल शक्ति विभाग, प्रमुख सचिव वीना कुमारी चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आबकारी, महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन और जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य सहित जन प्रतिनिधियों , अधिकारियो, कर्मचारियों तथा जनपदवासियो द्वारा सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया गया।

इस अवसर योग प्रशिक्षक डॉ शशि कुमार अवस्थी अवस्थी द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। योग सप्ताह में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ वाटर कूलर का शिलान्यास



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई हैदरगढ़ द्वारा कम्युनिटी हॉल में आरोग्य योगशाला के योगाचार्य आनंद कुमार एवं अंकिता सिंह के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में चीनी मिल के अधिकारी कर्मचारी एवं उनके परिवारी जनों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य आनंद कुमार एवं अंकिता सिंह ने विभिन्न योग क्रियाओ का उपस्थित लोगों को कुशल योगाभ्यास कराया और खुशहाल जीवन के लिए योग को अपने जीवन में डालने पर प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डालते हुए कहा कि योगाभ्यास स्वस्थ तन एवं मन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## तहसील कर्मचारियों के साथ एसडीएम ने किया योगाभ्यास

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तहसील में योगा शिक्षक बृजेश शुक्ला,एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी तहसीलदार वैशाली अहलावत,नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय रामकरन अश्वनी कुमार शुभेन्द्र अवस्थी सहित सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास किया। ब्लाक में योगा शिक्षक एवं खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी , ने कुलदीप श्रीवास्तव प्रभारी सहायक पंचायत अधिकारी, आदि ने, थाना कोतवाली बदोसराय में थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव समस्त पुलिस कर्मियों के साथ,सीएचसी, सहित अन्य सरकारी विभागों में निरोगी रहने के लिए योगाभ्यास कराया गया।


## कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर नौखण्डा वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2024-25 दिनांक 21/06/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखण्डा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 22/06/2024 से 28/06/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/06/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/06/2024 से 28/06/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामसनेही के घर से सुभाष के खेत तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.39 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रोड से सुनील के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.92 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मुनेश के घर से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.21 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | रविश के घर से द्रगपाल के घर तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.95 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | गौतम के घर से जानकी के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | रामप्रकाश के घर से रोड तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.02 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7- | विशाल के घर से धनीराम के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.67 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 8- | राधेश्याम के घर से रघुनाथ के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 9- | मैन रोड से लालू के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.34 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 10 | विनोद कुमार के घर से मूलचन्द्र के घर तक रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 11 | होरी लाल के घर से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.56 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सीमा कुशवाहा) सचिव (नीरु दीक्षित )

ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखण्डा, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।


## बिजली विभाग के केबल डालने पर कटी माइनर से मेंथा फसल को नुकसान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बिजली विभाग द्वारा नहर पुलिया के नीचे से डाली गई केबिल में खरपतवार फस जाने से नहर कट गई और खेतों में लगी पिपरमेंट में पानी भर गया जिससे किसानों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज का है। प्राप्त जानकारी अनुसार छंदरौली मंझुपुर मार्ग पर मोधू का पुरवा के निकट पुलिया के नीचे से बिजली विभाग द्वारा एक केबल डाला गया है जिसमें नहर में आने वाला खरपतवार फस जाने से आए दिन नहर कटने की घटना होती रहती है इसी क्रम में आज सुबह 6:30 बजे नहर कट जाने से गांव निवासी संदीप रावत कमलेश रावत गुड्डू रावत सहित आसपास खेत में लगी पिपरमिंट में पानी भर गया।

# ड्रेन की सफाई को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत बहुता से ग्राम प्रधान देवी प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत को तीन सूत्रीय ज्ञापन देखकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया है कि बढ़ई का पुरवा मजरे सहावर से खंड 28 नहर जासेपुर से सुल्तानपुर हाईवे हैदरगढ़ तक ड्रेन की सफाई होना अत्यंत आवश्यक है इसकी सफाई न होने के अभाव में लगभग 500 एकड़ खेती जलमग्न हो जाती है तथा पानी का निकास नहीं हो पाता है, ग्राम पंचायत बहुता से सहावर साइफन तक सफाई करवाने के अलावा मोती का पुरवा मजरे बहुता गांव में जल निकासी हेतु पक्के नाले के निर्माण करवाए जाने की मांग की है आश्वासन स्वरूप क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग हैदरगढ़ को पत्र लिखकर बरसात से पूर्व उपरोक्त नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्रधान पुत्र रामहेत महतो अरुण शुक्ला बृजेश शुक्ला राम अनुज मौर्य अजय मिश्रा विनोद मिश्रा नागेश्वर मौर्य अवधेश चौरसिया राममिलन रावत सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## घर से निकला युवक लापता गुमशुदगी की दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुख्यालय के सामने स्थित जलपान गृह जाने के लिए गुरुवार की सुबह घर से निकला एक 53 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया। कोतवाली एवं नगर के लिल्हौरा वार्ड में औसानेश्वर मार्ग के निवासी कमल किशोर उर्फ राजू वाजपेई की चाय पान की दुकान तहसील मुख्यालय के सामने स्थित है गुरुवार की सुबह वह रोज की तरह होटल जाने के लिए निकले थे परंतु उसके बाद लापता हो गए थे देर रात तक वापस घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई तो जलपान ग्रह पर पहुंचे तो पता चला कि वह दुकान खोलने पहुंचे ही नहीं थे। इसके बाद काफी खोज भी की गई परंतु पता न चलने पर कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।



## ब्लॉक मुख्यालय पर योगाभ्यास आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखंड मुख्यालय त्रिवेदीगंज परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज अदिति श्रीवास्तव पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह सहायक विकास अधिकारी तकनीकी सहायक एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी आदित्य श्रीवास्तव ने कब कहा कि योग का नियमित अभ्यास करने से व्यक्ति बहुत सी बीमारियों से बच सकता है। शरीर को स्वस्थ एवं मानसिक संतुलन को मजबूत बनाए रखने के लिए हम सभी को रोजाना योग का अभ्यास जरूर करना चाहिए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय दर्शन और अभ्यास है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत बैरिया बिशुनपुर विकास खण्ड- पण्डरी कृपाल, जिला गोण्डा

पत्रांक / मेमो / टेंडर / प्रकाशन / 2024-25 दिनांकः 21.06.2024

**निविदा सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **बैरिया बिशुनपुर**, विकास खण्ड-पण्डरी कृपाल, जनपद गोण्डा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम निधि, केंद्रीय वित्त एवं चतुर्थ व पंचम राज्य वित्त, चौदहवां वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं मनरेगा अंतर्गत पंचायत भवन निर्माण, साज सज्जा, कंप्यूटर, इनवर्टर, फर्नीचर, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, निराश्रित गोवंश भरण पोषण खाता हेतु सामग्री एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु सामग्री-प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़ ईंट, गिट्टी 40एमएम, पत्थर गिट्टी 20 एमएम, सीमेंट, सरिया, बालू, लाल मोरंग, लोकल बालू, पॉलिथीन, सीट, ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक, एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, एलईडी पोल, हैंडपंप मरम्मत, हैंडपंप रिबोर सामग्री मजदूरी सहित, साइन बोर्ड, सामुदायिक शौचालय, सोकपिट, टीनशेड, नाली निर्माण, पशु शेड निर्माण, सोकपिट निर्माण, सीसी रोड, सफाई कर्मचारी किट, स्ट्रीट लाइट, सोडियम लाइट, फागिंग मशीन, कूड़ादान, कोविड-19 मास्क, सैनिटाइजर, दवा छिड़काव के लिए ब्लीचिंग पाउडर, हाइपोक्लोराइड, प्राथमिक विद्यालय में टाइल्स कार्य, विद्यालय में एमडीएम शेड निर्माण, चारदीवारी, भूसाशेड निर्माण, भूसा, इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक भट्ठा मालिक, पंजीकृत ठेकेदारों व फर्म मालिक अपनी अपनी निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय-**बैरिया बिशुनपुर** में रखे सील्ड बॉक्स में दिनांक 25.06.2024 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। निविदा उसी दिवस में अपरान्ह 4.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/प्रधान में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

ग्राम प्रधान — रविन्द्र कुमार सचिव — राहुल चन्द्रा

# स्वस्थ व निरोग रहने के लिए नियमित करें योगाभ्यास

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत स्काउट एण्ड गाइड कॉलेज में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में किया शुभारम्भ



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज प्रयागराज में दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण कुमार पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त एन कोलांची नवनीत सिंह चहल जिलाधिकारी गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रयाद मौर्य ने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी को योग अवश्य करना चाहिए। कहावत है कि पहला सुख-निरोगी काया। देश के राज्यों के सभी जिलों, तहसीलों, ब्लाकों तथा ग्रामों के साथ-साथ विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योग करने के लिए संकल्प ले। उपमुख्यमंत्री ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज को बीमारियों व महामारियों से बचने के लिये योग को नियमित रुप से अपनाने पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि योग से तन और मन तो स्वस्थ रहता ही है, योग से आजीविका के नये मार्ग भी प्रशस्त हो रहे हैं। लोग अब फिटनेस के लिए प्रशिक्षकों को नियुक्त कर रहे हैं। योग केवल ज्ञान ही नही ,विज्ञान भी है। योग मन को केन्द्रित करने में मदद कर रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नये रास्ते बना रहा है। देश व दुनिया में योग करने वालों की संख्या बढ़ रही है। 2025 में महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। प्रयागवासी आगामी कुम्भ में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहे। उपमुख्यमंत्री ने विशाल एवं ऐतिहासिक योग कार्यक्रम के आयोजन के लिये पूरे जिला प्रशासन एवं सहयोगी विभाग व प्रयागवासियों को बधाई दी।

कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये युवाओं और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया प्रतिभाग करने के लिये दूर-दूर से आने वाले प्रतिभागी सुबह 4 बजे से ही एकत्र होने लगे थे तथा 5.30 होते होते लगभग पूरा परिसर योगाभ्यासियों से भर गया। आयोजकों की ओर से लगभग 8 हजार लोगों के योगाभ्यास के लिये प्रबन्ध किया गया था लेकिन आगन्तुक उससे कहीं अधिक थे। यह योगाभ्यास कार्यक्रम प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग

दिवस के साथ ही ''योग स्वयं एवं समाज के लिये'' थीम को समाहित किये हुए था। पूरा क्षेत्र 4 जोन एवं 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया था जिसमें 8 हजार से अधिक पंक्तिबद्ध योगाभ्यासी खड़े थे। योगाचार्य धर्मेन्द्र मिश्र ने भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार 45 मिनट का योगाभ्यास कराया, जिसमें 32 विभिन्न प्रकार के योगासन थे, प्रत्येक सेक्टर में दो-दो मास्टर ट्रेनर की भी तैनाती की गई थी। योगाभ्यास के पश्चात सहयोगी संस्थाओं, विभागों एवं मास्टर ट्रेनरों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाईट लोगों के आकर्षण का केन्द्र था, जहां सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी थी। डा संजीव वर्मा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन, कमलेश कुमार द्विवेदी भारत स्काउट एण्ड गाईड, राकेश तिवारी सिविल डिफेंस तथा संजय जैन का सहायोग हेतु विशेष आभार व्यक्त किया।

### स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए योग जरूरी : शाही



**लखनऊ/आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही में आजमगढ़ में कलेक्ट्रेट भवन के निकट अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने योगाभ्यास में उपस्थित गणमान्य लोगों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा दी गयी अमूल्य धरोहर है। योग से व्यक्ति स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सकता है। इसलिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने योग दिवस का शुभारम्भ करते हुए कहा कि योग जटिल एवं असाध्य रोगों में भी फायदा पहुंचाता है। योगासन एक कारगर तरीका है, जिससे जटिल बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय योग को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर मान्यता दिलाकर पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया है। इसी उपलक्ष्य में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। लोग योग को अपनाकर नीरोग हो रहे हैं।

### एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ की 67 यूपी वाहिनी ने गोमती तट पर किया सामूहिक दसवां अंतराष्ट्रीय योगाभ्यास



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दसवें अनर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 67 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा लखनऊ के गोमती तट पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी एनसीसी निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा थे , इसके अलावा 67 बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव , प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जे पी मिश्रा, सूबेदार मेजर रंजीत कुमार सहित एएनओ, सीटीओ , जेसीओ तथा एनसीओ व कैडेट्स की उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया। जिसमे कुल 665 लोगो ने हिस्सा लिया। यहां पर नदी किनारे एनसीसी के कैडेटों ने यूपी निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और व्यवस्थित तरीके से अनुशासन की मिशाल पेश की। अनर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेजर जनरल विक्रम कुमार साहब ने बताया कि स्वस्थ होने के लिए योगा काफी जरूरत बन गई हैं।अगर आपका शरीर स्वस्थ है तभी आप कुछ कर सकते हैं। आज हमने एनसीसी के माध्यम से समाज और घर-घर को जागरूक करने का उत्तम मार्ग चुना है। इसके बाद वे सभी एनसीसी के प्रतिभावान कैडेट से मिले तथा योगा कैडेट इंस्ट्रक्टर को पुरस्कृत किया।

# युवाओं का योग से जुड़ाव समाज में लाएगा परिवर्तन : खर्कवाल



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ, जहाँ अन्तर-विद्यालयी योगा मीट के विजेता छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इससे पहले, लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने बतौर मुख्य अतिथि सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में पधारकर योगा मीट का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन, सी.एम.एस. राजाजीपुरम कैम्पस की प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय एवं संत आसूदाराम आश्रम से पधारे योग गुरू अशोक केवलानी के अलावा अनेक गणमान्य हस्तियों, योग प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में छात्रों व शिक्षकों ने सामूहिक योग-प्राणायाम कर 'योग से निरोग' का संदेश सारे विश्व में प्रवाहित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुषमा खर्कवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी का योग से जुड़ाव समाज में रचनात्मक परिवर्तन लायेगा और हमारी भावी पीढ़ी शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त, समर्थ व चरित्रवान बनेगी।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने बताया कि सी.एम.एस. शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस समेत सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में प्रातः सभी के लिए निःशुल्क योग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें भारी संख्या में जनमानस उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि इस योग समारोह का उद्देश्य जन-जन को योग के महत्व से अवगत कराना एवं मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। समारोह का मुख्य आकर्षण अन्तर-विद्यालयी योगा मीट के विजयी छात्रों का पुरस्कार वितरण रहा।



दसवें योग दिवस पर रेजीडेंसी में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में योगासन करते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक



जानकीपुरम स्थित अर्जुन पार्क में लोगों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री शिव भूषण सिंह, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी ने योग किया



गोमती रिवर फ्रंट में दसवें योग दिवस पर योग करते एनसीसी कैडेट्स

## खबरें एक नजर में

### योग अपनाएं, जीवन स्वस्थ बनाएं : भूपेंद्र चौधरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सुअवसर पर आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। पार्टी दफ्तर में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़चढ़कर योग किया। भारतीय संस्कृति की अनुपम धरोहर श्योगश् पूरी दुनिया को भारत द्वारा दी गई एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अनवरत अपने अथक प्रयासों से पूरी दुनिया में पहुंचाने का अकल्पनीय कार्य किया है। आज योग पूरे विश्व के लोगों की जीवन शैली बन चुका है। बीजेपी के सूबाई चीफभूपेन्द्र चौधरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करें और स्वस्थ समाज व समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। योग सबके लिए जरूरी है। योगाभ्यास करने वाले प्राय: निरोगी रहते हैं।

### लखनऊ में कार व बहराइच में ऑनलाइन चालान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मोहनलालगंज के एक स्कूल संचालक की कार का बहराइच में ऑनलाइन चालान का मैसेज मोबाइल में आ गया, जिसके बाद से संचालक की नींद उड़ गई। उसने बहराइच में पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन कोई आश्वासन नहीं मिला। संचालक को डर सता रहा कि कही उसकी गाड़ी के नंबर पर कोई दूसरी कार तो नहीं चल रही। मोहनलालगंज के हुलास खेड़ा में रहने वाले समर सिंह एक निजी स्कूल का संचालन करते हैं। उनके मोबाइल पर गुरुवार की शाम को उनकी कार में सीट बेल्ट न लगाने का मैसेज आ गया। मैसेज में उनकी कार की जगह दूसरी फोटो लगी है। गुरुवार की शाम सात बजकर दो मिनट पर बहराइच में चालान किए जाने की बात है। उन्हें डर है कि कहीं उनकी गाड़ी के नंबर पर कोई दूसरा कार तो नहीं चला रहा। मैसेज आने के बाद उन्होंने बहराइच में पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने के साथ मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत की।

### आईपीएस अफसरों के साथ पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ एवं रिजिलिएन्सी प्रोग्राम के तहत योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।योग शिविर में योगाचार्यों ने विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए उनका अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मियों को योग के महत्व के बारे में भी बताया गया। योग को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने से न केवल शारीरिक रूप से अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। लखनऊ पुलिस योगा बल्कि स्वयं को मानसिक तनाव से भी दूर रखा जा सकता है। इसी क्रम में कमिश्नरेट लखनऊ के समस्त थानों पर भी पुलिस कर्मियों द्वारा योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर योगाभ्यास किया गया।

### एक स्वस्थ और सुखी जीवन जीने का माध्यम है योग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आज 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एक हजार से अधिक छात्र, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर आज के दिन को योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसके महत्व को दिखाने के लिए पूरी दुनिया के लोग एक साथ 21 जून को योग करते हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग'है। यह महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने पर केंद्रित है। योग दिवस पर योगा के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक महत्व से लोगों को अवगत कराने का प्रयास किया जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में सामूहिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया गया।

### कांग्रेस लीडर जितेंद्र सिंह ने थामा रालोद का दामन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिसैंडी निवासी जितेन्द्र सिंह ने साथियों के साथ आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व व भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के समक्ष राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।श्री सिंह को सदस्यता ग्रहण कराते हुए श्री दुबे ने कहा कि जितेंद सिंह के आने से लखनऊ में रालोद को मजबूती मिलेगी। श्री सिंह राष्ट्रीय छात्र संगठन व युक्त कांग्रेस के जिला महासचिव भी रहे हैं।इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा मनोज सिंह चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बीमार पत्नी की पीड़ा देख पति ने अस्पताल में लगाई फांसी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के एक हॉस्पिटल में पत्नी के दर्द से परेशान एक व्यक्ति ने फांसी लगा लिया। हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने शव देखा और जानकारी पुलिस को दी। पत्नी के फेफड़ों में पानी भर गया था। पांच दिन पहले इलाज के लिए लखनऊ लाया था। मृतक की पहचान हरदोई के रहने वाले देशराज के रूप में हुई है। मृतक के भाई ने बताया की उसकी पत्नी दर्द से चिल्लाती थी। देशराज बेचैन हो जाता था। रात में बात हुई तब वो नॉर्मल था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौं दिया है।



जानकारी के मुताबिक राघवपुर मल्लावा हरदोई का रहने वाला देशराज कुशवाहा किसानी करता था। उसकी पत्नी पूजा के फेफड़ों में पानी भर गया था। लंबे समय से वो इलाज करा रहा था। पर आराम नहीं हुआ। सोमवार को पत्नी पूजा को लेकर बुद्धेश्वर चौराहे के पास कुसमा हॉस्पिटल दिखाने आया था। डॉक्टर ने एडमिट करने की सलाह दी। इस पर देशराज ने उसे एडमिट करा दिया। गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 1 बजे देशराज अस्पताल के गेट के पास बने टॉयलेट के दरवाजे में गमछे से लटक गया। कुसमा हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने देखा तो अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद अस्पताल कर्मचारियों ने हरदोई में परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंचे परिजनों मौत की स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। मृतक के बड़े भाई ललिता प्रसाद ने बताया लंबे समय से देशराज पत्नी का इलाज करा रहा था। पहले केजीएमयू में ले गया। वहां आराम न मिलने पर हरदोई लाकर यहां इलाज कराया। लेकिन तबीयत ठीक नहीं हो रही थी। यहां के डॉक्टरों की सलाह पर वो पत्नी को लेकर लखनऊ के कुसमा हॉस्पिटल ले गया। वहां इलाज शुरू हुआ। दर्द से जब उसकी पत्नी चिल्लाती तो वो बेचैन हो जाता था। घटना से पहले रात को परिवार से बात किया था। उसकी बातचीत में बिल्कुल नहीं लगा था कि वो सुसाइड करने की बात सोच रहा है।

### नगर निगम में हाऊस टैक्स ठीक कराने का कैंप

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में एक बार फिर हाउस टैक्स सही करने के लिए कैंप लगाया गया। यहां लोग अपना हाउस टैक्स सही कराने पहुंचे। सुबह से ही भीड़ लगी रही और लोगों की समस्याएं ठीक हुई। मेयर सुषमा खर्कवाल कैंप में पहुंची और खुद लोगों की समस्याओं को सुना। अपना बिल ठीक कराने पहुंचे लोगों ने नगर निगम की पहल की सराहना की और कहा कि उनका बिल ठीक हो गया। शुक्रवार को करीब 300 से ज्यादा हाऊस टैक्स बिल ठीक कराए गए हैं। इससे पहले पांच शुक्रवार को कैंप लगा था, जिसमें करीब 1500 से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स सही किया गया। लखनऊ में करीब 2 लाख 41 हजार लोगों का हाउस टैक्स जीआईएस के माध्यम से आया है, जिसमें गड़बड़ी पाई गई है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने जीआईएस सर्वे पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर जीआईएस मैपिंग को बैन करने के लिए कहा था। हालांकि आचार संहिता लगने के कारण इस पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया जा सका था। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि जिन्हें जीआईएस सर्वे के बाद हाउस टैक्स को लेकर आपत्ति है, वे मुख्यालय में लगे कैंप से संपर्क कर सकते हैं।

# यूजीसी नेट व नीट मामले में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हिरासत में

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूजीसी-नेट और नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर कांग्रेस ने लखनऊ में शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। विधानसभा घेरने जा रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस की बीच झड़प हो गई। कांग्रेसियों ने लगी बैरिकेडिंग को तोड़ने का भी प्रयास किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस के प्रदेश मुखिया अजय राय के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से विधान भवन का घेराव करने जा रहे थे।

इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने अजय राय और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। हम उनके अधिकारों की लड़ाई सड़कों पर लड़ेंगे। उन्हे न्याय दिलाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ी हुई और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात व हरियाणा में नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है, जिससे पूरी परीक्षा ही आशंका से घिर गई है। आए दिन पर्चा लीक होने की घटनाएं हो रही हैं। भाजपा की जहां सरकारे हैं वहां पर घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता चौधरी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा मांगते हुए नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग की। नीट की परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आता है, फिर नेट की परीक्षा रद्द हो जाती है। यह सरकार नौजवानों के साथ अन्याय कर रही है।

### आरोपियों पर कार्रवाई करे सरकार : मायावती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा लेकर आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सरकार को नेट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करना जरूरी, जिसकी वजह से निर्दोष छात्र पिस रहे हैं। तथा इसकी आड़ में कोई भी सियासत करना ठीक नहीं। आप को बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी–नेट 2024 की परीक्षा को साइबर अपराध एजेंसी की एक रिपोर्ट मिलने के बाद बुधवार को निरस्त करने की घोषणा की। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को देश के विभिन्न शहरों में दो पाली में ओएमआर (पेन और पेपर) माध्यम से यूजीसी–नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की थी।

### कृषि विभाग की योजनाओं के लिए मिली वित्तीय मंजूरी

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में के अन्तर्गत नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नालॉजी योजना के अन्तर्गत संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना हेतु राज्यांश के रूप में 1863.55 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 की अवधि हेतु अटल भूजल योजना के अन्तर्गत तकनीकी कार्यमद एवं क्षमता विकास कार्यक्रम हेतु धनराशि 1277.36 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नालॉजी योजना के अन्तर्गत संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना हेतु राज्यांश के रूप में 1242.37 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

प्रतिबद्धता

### योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर दे रही जोर

# 2027 तक मलेरिया मुक्त होगा यूपी, की जा रही है फॉगिंग

**केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर दिया जा रहा जोर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। प्रदेश में इस साल 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं।

मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए



भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर जोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है। साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी है।राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल के मुताबिक मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार पर ज्यादा ध्यान है। जिला मलेरिया अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है और जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है।

मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। मलेरिया के लक्षण क्रमशःसर्दी व कंपन के साथ बुखार आना ,तेज सिर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना, थकान, चक्कर आना, कमजोरी बढ़ना, उल्टी आना ,थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐंठन होना हैं। खुद बचाव करने की जरूरत ज्यादा है। घर व आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें, गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामाग्री में पानी को एकत्र न होने दें, कूलर का पानी जल्दी-जल्दी बदलते रहें, समय-समय पर मिट्टी का तेल डालते रहें, सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्वायल का प्रयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढककर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए और गर्भवती महिलाएं इनसेक्टीसाइड ट्रीटेड मच्छरदानी में सोएं।

तन्त्र मंत्र के चक्कर में पिता बना हैवान

# तीन वर्षीय बेटे को भूंसे के ढेर में दबाया, मौत

- मौत की घटना के बाद से पिता और दादी थे फरार, पिता को पुलिस ने दबोचा



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम चितरहिया गांव निवासी एक ग्रामीण ने तंत्र-मंत्र के चलते अपने 3 वर्षीय बालक को भूसे के ढेर में दबा दिया। इसके बाद कमरे को बंद कर दिया। कुछ देर बाद मां तलाश करते हुए पहुंची तो माजरा देख परेशान हो गई। बालक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी पिता और दादी फरार चर रहे थे। पुलिस आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। रुपईडीहा थाना के ग्राम चितरहिया गावँ में सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बुधवार शाम को काफी देर से गायब गांव निवासी माँ, अपने तीन वर्षीय अबोध बालक आनंद वर्मा की तलाश में दर-दर भटकने लगी। किसी अनहोनी की आशंका में, वह रोते विलखते, घर के आसपास पड़ोसियों सहित गांव के विभिन्न स्थानों पर ढूंढने व लोगों से पूछताछ रही, लेकिन उसके जिगर के टुकड़े का कहीं भी पता नहीं चल सका। काफी देर बाद जब उसे, उसी के ही ताला बंद भुसैले में किसी बच्चे की रोने की आवाज सुनाई पड़ी, तो वह भागी दौड़ी बन्द भुसैले का ताला खोल कर अंदर गयी, तो देखा कि उसका बेटा भूँसे के ढेर में दबा पड़ा कराह रहा है। उसके मुँह में कपड़ा ठूंसा हुआ है और हाथ पैर बंधे हुये हैं। जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर बिना किसी देरी के, उसे कस्बा बाबागंज स्थिति निजी अस्पताल वर्मा नरसिंग होम में भर्ती कराया गया। जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की हालत को गम्भीर देखते हुये चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिये जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय लाते समय देर रात को इलाज के दौरान मौत हो गई।प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मां की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पिता और दादी फरार चल रहे है। पिता को गिरफ्तार कर लिया है दादी की तलाश की जा रही है।

### कल ही आए थे मां-बेटा

गांव के लोगों ने बताया कि मां और तीन वर्षीय बेटा आनंद गुरुवार को ही अपने मायके से घर आयी हुई थी। ग्रामीण दबी जुबान इस घटना को, तन्त्र मन्त्र की बात से भी जोड़ रहे हैं। वहीं कुछ का कहना है कि, पिता सुजीत वर्मा मंद बुद्धि का है।

### अपनी पत्नी पर शक करता था आरोपी, गिरफ्तार

प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सुजीत कुमार वर्मा को सुबह 9 बजे के करीब चर्दा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। व मुकदमा उपरोक्त में आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के पश्चात अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय बहराइच रवाना किया गया ।विवेचना व साक्ष्य संकलन से यह तथ्य प्रकाश मे आया कि अभियुक्त सुजीत कुमार वर्मा अपनी पत्नी पर शक करता था और मृतक आनन्द वर्मा को अपना पुत्र न मानकर किसी अन्य का होना बताता था , इसलिए अभियुक्त द्वारा अपने अपने 3 वर्षीय पुत्र आनन्द वर्मा की हत्या कर दी गयी।

# नगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर (मंडल) में योग दिवस के मौके पर योग दिवस का कार्यक्रम नगर मंडल द्वारा किया गया। इस योग दिवस का कार्यक्रम नगर के गांधी पार्क में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन नगर अध्यक्ष विशाल अग्रवाल द्वारा कराए गए कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पार्टी जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, महामंत्री आशीष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्रा, दीपक अग्रवाल, राजेश राय चंदानी, सोनी सिंह, संतोष सिंह नगर महामंत्री, विकास जायसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक अर्जुन गुप्ता, ज्ञानेंद्र पाठक, शिवनाथ रस्तोगी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री विद्या भूषण द्विवेदी, पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रिंस चौरसिया, योग गुरु के रूप में श्रीमती रीना श्रीवास्तव समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

डीएम नेहा शर्मा ने शुक्रवार को झंझरी ब्लाक की 6 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर गांव में हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना। डीएम ने गांव में विकास कार्यों का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याएं डीएम के समक्ष रखी जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने गांव बनवरिया, पूरे शिवा बख्तावर, मथुराचौबे, कपूरपुर, मुसौली तथा पथवलिया आदि गांवों में चौपाल लगाकर गांव में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी।

डीएम ने ग्रामीणों से बात कर गांव में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत



- शिकायतों का समाधान समयबद्ध करने के दिये निर्देश

को जाना और जहां खामियां मिली उन्हें तुरंत दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने गांव में संपर्क मार्ग, विद्युत व्यवस्था, ग्राम निधि से कराए गए कार्य, सभी प्रकार की पेंशन, मनरेगा, समूह, आवास तथा अन्य योजनाओं का लाभ देने के भी निर्देश दिए। डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गांव में खराब हैंडपंपों को ठीक कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय, पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनवाने व जो अन्य कार्य होने हैं, उन्हें जल्द पूरा करने की भी हिदायत दी।

जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि अगर कार्यों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होगा तो लापरवाही मानते हुए उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

कवि रामनाथ सिंह अदम गोंडवी की कुछ पंक्तियां यहां लिखी जा रही है कि तुम्हारी फाइलों में तो गांव का मौसम गुलाबी है मगर यह दावे झूठे हैं आंकड़े किताबी हैं। ग्राम चौपाल में सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पूरे शिवा बख्तावर में जलभराव की समस्या उठाई। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि जलभराव हो जाने पर आने–जाने में काफी अधिक परेशानी होते हैं जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारी को जलभराव की समस्या की समाधान कराने के निर्देश दिये। ग्राम चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत पथवलिया में ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे अंडरपास में पानी भर जाने के कारण रास्ता बंद हो जाता है जिससे आवागमन में समस्त ग्राम वासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को रेलवे अंडरपास में पानी भरने की समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिए हैं। जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों के द्वारा उपलब्ध कराए गए शिकायतों का समाधान समयबद्ध रूप से संबंधित विभाग के अधिकारियों को करने को निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अवनीश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, तहसीलदार सदर गोण्डा देवेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार गोण्डा अनुराग पांडेय, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अरुण कुमार सिंह, रामयज्ञ मौर्य अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एई जल निगम, खंड विकास अधिकारी झंझरी/ परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, एक्सईएएन विद्युत, एसीवीओ, पीडब्ल्यूडी खंड 1, एक्सईएएन सिंचाई, एक्सईएएन नलकूप, बीएसए, डीसी मनरेगा, सभी ग्रामों के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, सहित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यूजीसी नेट व नीट पेपर लीक मामले को लेकर सपा-कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूंका पुतला, इस्तीफे की मांग
- देश की सरकार पेपर लीक सरकार : सिद्धार्थ सिंह



नीट व यूजीसी के नेट पेपर लीक व परीक्षा में हुई धांधली मामले को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी व कांग्रेस ने जिले में विरोध प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की। वहीं कांग्रेस ने भी राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप कर धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त किए जाने की मांग की। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि जिस तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं वह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यूजीसी नेट व नीट जैसे परीक्षा भी अब सुरक्षित नहीं रह गयी है। देश की सरकार पेपर लीक सरकार है। सिद्धार्थ सिंह ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर छात्र सभा के महासचिव करन सरदार, सोमनाथ तिवारी, कार्यालय प्रभारी बृजेश यादव, उपाध्यक्ष अल्तमस, हरिओम मिश्रा, बृजलाल, अरविंद, अंकित सम्राट, नरेंद्र यादव, मोनू, कृष्ण देव, रिंकू, दिलीप वर्मा, जीवन लाल वर्मा, विशाल प्रमुख, रोहित, अजय, विशाल तिवारी, राजन यादव आदि लोग मौजूद रहे। वहीं पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट और नेट की परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### प्रतियोगी परीक्षा में सफल परीक्षार्थी सम्मानित



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को सचेतन शिक्षा कौशल व विधिक सहायता ट्रस्ट द्वारा प्रतियोगी परीक्षा मे सफल परीक्षार्थियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सचेतन शिक्षा कौशल व विधिक सहायता ट्रस्ट द्वारा धौरहरा में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण विज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा मे सफल परीक्षार्थियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। शिक्षक अभय प्रताप सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता व महत्व को बताया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती माया देवी, अजय गुप्ता, अभय गुप्ता, निर्भय, एडवोकेट दिनेश आदि उपस्थित रहे।

### योग शिविर का लोगों ने उठाया लाभ



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** दिनांक 21 जून को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशानिर्देशन में मंडल रेल प्रबंधक, ल.ज. के निर्देशानुसार वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरएस) एवम पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवम गाइड्स गोण्डा के मुख्य जिला आयुक्त, आशीष कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व में रेल परिसर के सामुदायिक केंद्र में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवम गाइड्स, जिला संघ गोण्डा के जिला सचिव प्रकाश ठाकुर ने बताया कि योग शिविर में स्काउट्स, गाइड्स सदस्यों के अतिरिक्त रेल परिवार से लगभग 100 से 150 सदस्यों ने योग शिविर में उपस्थित हो योग कर तथा योग के प्रशिक्षक से योग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ योग किया। उक्त योग शिविर का संचालन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से आये हुए मुख्य हित निरीक्षक श्री संतोष कुमार गुप्ता तथा मनोरंजन संस्थान के सचिव श्री लालबाबू श्रीवास्तव ने किया। योग शिविर में श्री राम नगीना, श्री विनोद श्रीवास्तव अपने रेल यूनियन नरमू के सदस्यों के साथ योग किया।

# नीट परिणाम में खामियों को लेकर कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है : जय प्रकाश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



नीट परीक्षा परिणाम और सीबीआई द्वारा केस दर्ज करने के बाद राजनीति शुरु हो गई है। शुक्रवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर इस बार अभ्यर्थियों में विरोधाभास है। कुछ अभ्यर्थियों ने कोर्ट में वाद दायर कर दिया है जबकि कुछ परिणाम को लेकर नाराजगी जाता रहे हैं। जिस पर सरकार ने केस दर्ज करवाते हुए सीबीआई जांच के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा की अगुवाई में सभी ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। जिसके चलते कहीं पेपर लीक हो रहा है तो अब नीट के परिणाम ही सवालों के घेरे में आए। जिसके चलते युवा परेशान हैं। सभी ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल, गोपीनाथ मिश्रा, कुंवर साहब, राघवेंद्र द्विवेदी, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, हीरालाल, कमला सोनी, मोहम्मद इमरान, हलीम समेत अन्य मौजूद रहे।

### बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू से गोद कर मार डाला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जरवल रोड थाना क्षेत्र के नगर पंचायत जरवल के मोहल्ला कृष्णा नगर निवासी आमिर बेहना (22) पुत्र हसीब के बड़े भाई आबिद बृहस्पतिवार शाम को छत पर खड़े थे। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि आबिद आसपास के छत पर मौजूद युवतियों से नशे में गलत इशारे कर रहा था। जिसके चलते शाम छह बजे छोटे भाई आमिर ने मना किया। इस पर बड़ा भाई आबिद नाराज हो गया। उसने छोटे भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर जरवल चौकी की पुलिस पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच कर बयान दर्ज किया। इसके बाद युवक को पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल के लिए भेजवाया, लेकिन रास्ते में युवक की मौत हो गई। चौकी इंचार्ज राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# कागजात अधूरे मिले तो चार दुकानों का लाइसेंस किया निलंबित, तीन को नोटिस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कृषि विभाग की टीम ने जिले के 63 बीज की दुकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। कागजात अधूरे मिलने पर चार बीज की दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जबकि तीन दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने टीम गठित कर बीज की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश दिए। शुक्रवार को सदर एवं महसी तहसील में संचालित बीज की दुकानों पर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय, पयागपुर में टीपी शाही उप कृषि निदेशक, कैसरगंज में उदय शंकर सिंह उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, नानपारा और मिहींपुरवा क्षेत्र में अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा छापेमारी की गई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी दुकानों पर से 42 बीज के नमूने जांच के लिए भेजे गए। अंकुर बीज भंडार सदर जायसवाल खाद बीज भंडार जरही रोड, अनूप खाद भंडार जरही रोड, किसान सेवा केंद्र मिहीपुरवा का निलंबन किया गया। न्यू शक्ति बीज भंडार दरगाह, शिफा खाद बीज भंडार, जमुना कृषि सेवा केंद्र लोधी चौराहा को नोटिस दी गई। यह लोग दुकान बंद करके भाग गए थे। रिकॉर्ड में कमी पाई गई के अंतर्गत कार्रवाई की गई। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जिले भर में 63 बीज की दुकानों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि किसान प्रमाणित बीज की बुआई खेत में करें। जिससे बढ़िया धान और अन्य फसल की पैदावार हो।

# नानपारा विधानसभा में भाजपा ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मान समारोह

- सांसद, जिलाध्यक्ष, निवर्तमान सांसद ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच भाजपा सांसद डॉ आनंद गोंड़ को कार्यकर्ताओं द्वारा बहराइच लोकसभा 56 के सांसद बनाए जाने के अवसर पर नानपारा विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मान समारोह भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे की अध्यक्षता में गोल्डन पाम होटल में किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओ का माल्यापर्ण करके व अंग वस्त्र जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, सांसद डॉ आनन्द गोंड व निवर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड़ के द्वारा प्रदान करके सम्मानित किया गया। तथा विधानसभा नानपारा के पांचो मंडल रुपईडीहा, रामपुर धोबियाहार, नानपारा नगर, राजुवापुर व शिवपुर से आए हुए सभी सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष का वरिष्ठ नेताओं व सांसद के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। आप सभी के अथक प्रयास प्रचार प्रसार के द्वारा ही लोकसभा चुनाव में जीत का परचम लहराया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री वीरचन्द्र वर्मा, योगेश, कृपाराम, मंडल अध्यक्ष अजय, शालिग्राम, आशीष, अरविंद, राकेश, जिला मीडिया प्राभारी देवेंद्र, सन्तोष सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शमशान व कब्रिस्तान के अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज कोतवाली अन्तर्गत ग्राम वैराकाजी चौराहा पर तहसील प्रशासन ने शमशान और कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कैसरगंज के एसडीएम पंकज दीक्षित ने बताया कि नायब तहसीलदार ब्रहादीन यादव के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम ने वर्षों से शमशान और कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर अस्थाई दुकाने बनाने वालो के विरूद्ध प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से उनके द्वारा किये गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी तरह के अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसडीएम पंकज दीक्षित ने बताया कि किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

# योगा-स्वयं और समाज के लिए की थीम पर मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

- स्वस्थ्य शरीर के लिए नियमित योग व मिलेट्स ज़रूरी : प्रभारी मंत्री



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

योगा-स्वयं और समाज के लिए की थीम पर दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्टस स्टेडियम में विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्टस स्टेडियम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, प्रबुद्धजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधि, मनरेगा के श्रमिक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य वर्कर, विभिन्न स्वैच्छिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, ब्रहमकुमारी संस्था की दीदीयों, निशक्तजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आमजन द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल के साथ योगाचार्य दीप नारायण पाल के नेतृत्व में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग कर खुद के साथ-साथ अपने परिजन एव समाजं को स्वस्थ व निरोग रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के इशा यज्ञसैनी द्वारा योगगीत एवं परिषदीय विद्यालय फखरपुर के बच्चों द्वारा फ्री फ्लो योगा प्रस्तुत किया गया जो लोगों द्वारा सराहा गया। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान 01 घण्टे से अधिक अवधि तक प्राटोकाल के अनुसार शीर्षासन करने वाले विवेकानन्द को प्रभारी मंत्री ने औषधीय पौध भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. निषाद ने भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन व आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योगा को पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बहुत बड़ा योगदान है। योग हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर है यह देश के ऋषियों, मुनियों की परम्परा रही है। प्रभारी मंत्री ने ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में त्यौहार की भांति समारोहपूर्वक योगाभ्यास कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास करने तथा व भोजन में श्री अन्न का उपयोग करने का आहवान किया। डीएम मोनिका रानी ने प्रभारी मंत्री का आभार ज्ञापित करते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए आमजन से अपील की कि पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए हमें योगाभ्यास, पौधरोपण तथा मिलेट्स को महत्व देना होगा।

### ब्लॉक परिसर में कर्मचारियों संग ब्लॉक प्रमुख ने किया योगाभ्यास



**जरवल, बहराइच।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों, बीडीओ, खंड विकास कार्यालय के कर्मचारी व सैकड़ो लोगों ने योगाभ्यास किया। इसमें सभी ने योग के विविध आसन व प्राणायाम किया और उसके महत्व को भी जाना। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र प्रताप सिंह बीडीओ अमन कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद एडीओ आईएसबी योग प्रशिक्षक राजेश सिंह ने प्रतिभागियों को पद्मासन, भुजंगासन, वक्रासन,सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम कपालभाति आदि योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के इस दौरान ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र प्रताप सिंह ने योगाभ्यास के महत्व को बताते हुए कहा कि योग और प्राणायाम का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है इसके माध्यम से हम शरीर को लंबे समय तक निरोग रख सकते हैं। बीडीओ अमन कुमार वर्मा ने कहा कि कई असाध्याय बीमारियों को योगाभ्यास से ठीक किया जा सकता है। हमें दैनिक जीवन में हर दिन योगाभ्यास करना चाहिए। इस दौरान एडीओ पंचायत बृजेश सिंह, अरुण वर्मा सेक्रेटरी, राजेश्वर यादव सेक्रेटरी, विकास श्रीवास्तव सेक्रेटरी, रामप्रवेश यादव, राहुल सिंह राजा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

योग न केवल व्यक्ति को स्वस्थ रहने में मदद करता है बल्कि गंभीर बीमारियों से जल्द उबरने में मदद करता है । इतना ही नहीं गर्भावस्था के दौरान योग क्रिया गर्भावस्था के जोखिम को भी कम करता है । इसके लिए गर्भवती को योग से पहले चिकित्सीय परामर्श जरूर लेना चाहिए । यह बातें योग दिवस के अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कही । उन्होंने बताया कि टीबी रोग की शीघ्र पहचान और दवा के सम्पूर्ण कोर्स के साथ-साथ नियमित योग करने से टीबी रोगी जल्द ठीक हो सकता है। योग, टीबी मरीज के लिए एक



- नियमित योग अभ्यास कर निरोग रहने के दिए संदेश
- गंभीर बीमारियों से उबरने में मिलती है मदद
- गर्भस्थ शिशु को स्वस्थ रखने के साथ गर्भावस्था के जोखिम को कम करने में है फायदेमंद

निवारक चिकित्सा के रूप में कार्य करता है । इसे मरीज की दिनचर्या में शामिल करने से फेफड़े साफ होते हैं और उसे मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही अगर टीबी के साथ मधुमेह की सहरूग्णता है तो मधुमेह भी नियंत्रित रहता है, जिससे टीबी से ठीक होने की गति में अपेक्षाकृत तेजी आती है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा का कहना है कि टीबी मरीजों के लिए भी योग अत्यंत लाभदायक है। इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। योग आसनों और प्राणायाम से फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है, जो टीबी मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होता है। उन्होंने बताया नशे का सेवन करने वाले टीबी रोगियों के जल्दी ठीक होने की संभावना कम होती है। ऐसे में योग टीबी से उबरने के साथ जहां नशा छोड़ने में भी मददगार होता है।

### गर्भावस्था के जोखिम को कम करता है योग

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य और पोषण के साथ–साथ नियमित योग अभ्यास से ऊर्जा बढ़ती है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। इसके आलावा इससे श्वसन प्रणाली मजबूत होती है और तनाव कम रहता है। गर्भावस्था के दौरान योग अभ्यास न केवल गर्भवती के लिए लाभकारी माना जाता है, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी इसके कई फायदे हैं। योगाभ्यास करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं रक्त संचरण सुचारु रूप से होता है और प्रसव के लिए तैयार होने में मदद मिलती है। गर्भावस्था में योग करना सुरक्षित है, बशर्ते यह किसी प्रशिक्षित योग गुरु के निर्देशन में किया जाए।

# जो करता योग, उसको नहीं छूता रोग

- प्रभारी मंत्री ने दीप प्रचलित कर योगोत्सव का किया शुभारंभ
- सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पिंकी जोवेल व जिलाधिकारी ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ''योगोत्सव'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोवेल, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, एथलीट सुधा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनमानस ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योगासन की विभिन्न मुद्राओं के जरिये जनपद वासियो को स्वस्थ और निरोगी रहने का संदेश दिया।

राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों से पौराणिक एवं वैदिक पद्धति योग को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल पाई है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के साथ-साथ पूरे विश्व के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर रहें है। प्रधानमंत्री के हम सभी आभारी हैं, जिन्होंने भारतीय ऋषि परंपरा के उपहार योग को न केवल भारत में बल्कि दुनिया में प्रतिष्ठित किया है।

### योग को नियमित दिनचर्या में करें शामिल : डीएम





जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आमजन से आवाहन किया कि वह योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाए। प्रत्येक दिन कम से कम आधा घंटा आवश्यक रूप से योग करना चाहिए। योग करने से मनुष्य स्वस्थ व निरोग रहता है। उन्होंने कहा कि योग करने से हम स्वयं व अपने आसपास के लोगों को स्वस्थ व निरोग बना पाएंगे और वसुदेव कुटुंबकम की परिकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। योग को सहजता, सरलता व सजगता के साथ करना चाहिए। योग के लिए समय की कोई पाबंदी नहीं है। योग प्रशिक्षक डॉ रवि प्रताप सिंह के द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसोर मनमोहक ढंग से योग कराया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री द्वारा दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकला, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### जिला कारागार में कैदियों व स्टाफ ने किया योग



जिला कारागार, रायबरेली में दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक रामभोले शुक्ल व अनुराग पाण्डेय तथा महिला प्रशिक्षक शालिनी तिवारी व शिवानी रस्तोगी द्वारा योग के महत्व को बंदियों एवं बंदिनियों व स्टाफ़ को विस्तार पूर्वक समझाते हुए योगाभ्यास व ध्यान कराया।

### करें योग रहें निरोग



कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज में योगाभ्यास कराया गया!योगा शिक्षिका दिव्या ने सभी को कई योगासन कराए और स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग को जीवनशैली में अपनाया जाना बहुत जरूरी है। योग करने से बीमारियों से छुटकारा मिलता है। योग एक ऐसी क्रिया है, जो व्यक्ति द्वारा स्वयं की जाती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से बल्कि चारित्रिक रूप से भी व्यक्ति का विकास करती है।

### क्षेत्र में मनाया गया योग दिवस



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह बछरावां ब्लॉक, कोतवाली, नगर पंचायत कार्यालय, सहित प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सरकारी संस्थानों में योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह, कोतवाल विजेंद्र शर्मा खंड शिक्षा अधिकारी वरुण मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह , नगर पंचायत ईओ रामाशीष वर्मा ने बताया कि रोजाना योगाभ्यास करने से शरीर निरोग रहता है माना जाता है कि योग की उत्पत्ति कई पीढ़ियों पहले हुई थी यह भारत की संस्कृति का आज के समय महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

### एनिमल ब्रीडिंग सेंटर में योग शिविर का हुआ आयोजन



**सलोन।** एनिमल ब्रीडिंग सेंटर सलोन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योगाचार्य डॉ. रवि प्रताप सिंह ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को योगाभ्यास और स्वस्थ रहने के तरीके बताए ।महाप्रबंधक डॉ. सी. टी. पटेल ने योग के महत्व के बारे में जागरूकता की अपील की, कि योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं ।यह हमारे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है ।मनीष अवस्थी ने योग शिविर का संचालन करते हुए संदेश दिया कि योग वह प्रकाश है जो एक बार जला दिया जाए तो कभी कम नहीं होता ।जितना अच्छा आप अभ्यास करेंगे लौ उतनी ही उज्वल होगी ।प्रबंधक शिव पांडेय ने बताया कि सेहत के साथ ही शांत मन और प्रबल विचारों के लिए एकाग्रता का होना जरूरी है ।जो योग से ही संभव हो सकता है ।उन्होंने योगाचार्य का आभार प्रकट करते हुए सभी कर्मचारियों को बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद किया।

# दबंगों ने सगे भाइयों पर किया रॉड से जानलेवा हमला, बड़े भाई की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पुरानी रंजिश को लेकर दो सगे भाइयों पर लाठी डंडों से हमला हुआ है। हमले में एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। मामला डीह थाना इलाके के पूरे प्रथि गांव का है। यहां के रहने वाले 26 वर्षीय मोहम्मद समीर व 40 वर्षीय खुर्शीद टेकारी दादूपुर से अपनी बार्बर शॉप बंद करके गांव लौट रहे थे। उसी दौरान थोड़ी दूर पर एक पुलिया के पास घात लगाकर बैठे चार हमलावरों ने बाइक से जा रहे दोनों भाइयों को रोका और लाठी डंडों से जमकर पीटाई की। दोनों भाई जख्मी हालत में वहीं गिर गए। किसी तरह सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे तो खुर्शीद बेहोश था जबकि समीर दर्द से कराह रहा था। परिजन दोनों को लेकर अस्पताल भागे जहां डाक्टरों ने खुर्शीद को मृत घोषित कर दिया जबकि समीर की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत उसका इलाज शुरू कर दिया। परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पूर्व गांव में खडंजा पर पाइप डालने को लेकर हमलावरों के बीच झगड़ा हुआ था। उसी रंजिश में हमलावर जिब्राइल, सऊद व अली जान आदि ने दोनों को पीट पीट कर एक को मौत के घाट उतार दिया जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। परिजनों का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने इस दौरान फायरिंग भी की जिससे निकली गोली खुर्शीद के मौत का कारण बनी है। उधर सीओ वंदना सिंह का कहना है कि मृतक के शरीर पर गोली के जाहिरा निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ होगी। उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## कुत्तों के हमले से वनरोज शावक घायल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के दुसौंती ग्राम सभा के उत्तर में स्थित खरउवा ताल के पास ग्रामीण अरुण कुमार सिंह निकेत को एक वनरोज का शावक कुत्तों के हमले से लहूलुहान मिला अरुण ने बताया कि वनरोज शावक डर से थर थर काँप रहा था और भागकर मुझसे चिपक कर खड़ा हो गया तब कहीं जाकर वनरोज की जान बची इस घटना की जानकारी मिलने पर तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए लोगों ने 108तथा1962पर सूचना दी किन्तु किसी तरह की मदद नहीं पहुंची ग्रामीणों का कहना है कि संभवतः वनरोज शावक पानी की तलाश में गाँव के करीब आया होगा तभी वह कुत्तों के हमले का शिकार हो गया।

### एडवाइजरी बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के लिए 25 जून तक करें आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि निदेशालय, महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जनपद में दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 8 बी (4) के अन्तर्गत एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया जाना है। एडवाइजरी बोर्ड में एक सामाजिक कार्यकर्ता (पुरुष) सदस्य के रूप में नामित किया जाना है। सदस्यः हेतु इच्छुक व्यक्ति अपना नाम, दूरभाष, ई-मेल व पते सहित कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, विकास भवन रायबरेली में संपर्क कर आवेदन कर सकते है। इस कार्य के लिए किसी भी प्रकार का मानदेय देय नहीं है। आवेदन की अन्तिम तिथि 25 जून 2024 सायं 05 :00 बजे तक है।

## महिला की पुकार.. पति दिला दो सरकार

- पुलिस के दफ्तरों में सिपाही पति को ढूंढ रही महिला
- नाटकीय तरीके से पत्नी व बच्चों को छोड़ लापता हुआ सिपाही
- अपने ही गायब सिपाही को नहीं ढूंढ पा रही पुलिस




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित समन सेल में तैनात सिपाही आलोक शंकर यादव जो रहस्यमय तरीके से अचानक लापता हो गया सिपाही की तलाश के लिए अपने मासूम बच्चों के साथ पत्नी पुलिस अधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रही है। लेकिन अपने ही विभाग के गायब सिपाही को पुलिस नहीं ढूंढ़ पा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत पत्र के मुताबिक शहर के गोरा बजार में किराए के घर में दो बच्चों के साथ रह रही सिपाही की पत्नी

मनोरमा का कहना है कि उसका पति जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सम्मन सेल में तैनात है जो 6 जून 2024 को समय से पहले घर से यह कहकर निकला था कि आज ऑफिस में मीटिंग है लेकिन जब देर शाम तक वह नहीं पहुंचा तो विभाग से जानकारी करने पर पता चला कि वह छुट्टी लेकर गया हुआ है। जब पीड़िता ने ससुराल में पता किया तो पता चला कि वह वहां भी नहीं गया यही नहीं छुट्टी खत्म होने के बावजूद भी वह न तो घर आया न डिप्यूटी पर तब से गैरहाजिर चल रहा है जिसके बाद पत्नी ने इसकी सूचना लिखित रूप से एसपी को दी थी। लेकिन पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है जिसके चलते सिपाही की पत्नी है अब भुखमरी की कगार पर पर पहुंच गई है। पुलिस का मानना है कि मामला पति पत्नी के बीच का है जो न्यायालय में विचाराधीन है सवाल यह है कि भले न्यायालय में मामला चल रहा है लेकिन गायब पति को और अपने ही सिपाही को आखिर पुलिस क्यों नहीं ढूंढ रही है। गुरुवार को पुनः पीड़ित महिला दोनों मासूम बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पति को ढूंढने की गुहार लगाई है। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने महिला थाना अध्यक्ष को जांच सौंपी है।

### 15 लाख रुपए की डिमांड कर रहा सिपाही

पीड़ित महिला मनोरमा यादव की माने तो उसका सिपाही पति उसपर अनर्गल तरीके से आरोप लगाकर मोहरा बनाने की कोशिश कर रहा है साथ ही उससे 15 लाख रुपए की मांग कर रहा है न देने की स्थिति में उसे छोड़ देने की धमकी दे रहा है। पीड़िता के मुताबिक सिपाही अचानक फरार होने के बाद किराए पर रह रही पत्नी को भागने की साज़िश रच रहा है वह मकान मालिक को भी फोन पर धमका रहा है कि मेरी पत्नी और बच्चों को यहां से भगा दो हम किराया नहीं देंगे।

> मामला संज्ञान में है आया एक महिला द्वारा शिकायत पत्र दिया गया है जांच करवा कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> **नवीन कुमार सिंह**
> **अपर एसपी रायबरेली**

## प्रशासन की मिली भगत का खेल है सारा इसलिए हरे वृक्षों पर चल रहा आरा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



एक तरफ जहां आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है तो वहीं दूसरी तरफ वन माफिया हरियाली उजाड़ने पर तुले हुए हैं ।मामला कोतवाली क्षेत्र के ओया ग्राम पंचायत का है जहां कमलेश पुत्र दुर्जन द्वारा नीम के पेड़ों की बिक्री की गई और ठेकेदार द्वारा नीम के पेड़ पर आरा चलाते हुए उसे काट कर उठा ले गए ।वहीं ग्रामीण द्वारा 112 पर सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने वीडियो बनाया और काम को रुकवा दिया जैसे ही पुलिस वहां से गई फिर पिकअप आई और लकड़ी लादकर लेकर चली गई अभी पर्यावरण दिवस को दो हफ्ते भी नहीं बीते हैं 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया गया एक तरफ आसमान से बरस रही गर्मी दूसरी तरफ लोग फेसबुक ट्विटर पता नहीं कितने पटलों पर ज्ञान दे रहे हैं कि वृक्ष लगाओ वृक्ष से ही सब कुछ संभव है वृक्ष से ही गर्मी से लड़ा जा सकता है वृक्ष से ही बारिश होती है वृक्ष से ही मानव जीवनचलता है लेकिन हरियाली के ये दुश्मन इनको हरे-भरे वृक्ष धरा पर अच्छे नहीं लगते और इसीलिए इन्होंने आरा उठाकर काटने का ठेका ले रखा है और लगातार हरे वृक्षों पर आरा चलाने का कार्य कर रहे हैं ।पुलिस विभाग जहां खाऊ कमाऊ नीति के चक्कर में पड़ा हुआ है तो वहीं वन विभाग आंखें बंद कर नजरा देख रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि ठेकेदार के ऊपर कोई कार्रवाई होती है कि नहीं या फिर इसी तरह क्षेत्र से हरियाली उजाड़ती रहेगी।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को शारदा नहर में डूबे युवक का शव बछरावां कस्बे के निकट शुक्रवार को बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विदित हो कि कटरा मजरे हिलौली जनपद उन्नाव के रहने वाले 11 दोस्त कसरावां के पास शारदा नहर में गुरुवार को नहा रहे थे। अचानक इसमें अहमद हसन उम्र 22 वर्ष पुत्र मेहंदी हसन नहाते समय डूब गया था। पुलिस व गोताखोरों द्वारा काफी देर तक खोजबीन की गई परंतु अहमद हसन का कहीं भी अता-पता नहीं चल पाया था।शुक्रवार की सुबह बछरावां कस्बे के निकट शारदा नहर में उसका शव उतराता हुआ पाया गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## लालगंज में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने की मांग

- करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात
- मंत्री ने दिया आश्वासन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत भारत के वीर पुरुष महाराणा प्रताप की मूर्ति रायबरेली जनपद के लालगंज मे नया बाईपास तिराहा पर स्थापित करने की लगातार मांग कर रहे थे और इस मांग को अधिक बल तब मिल गया जब रायबरेली के ऊचांहार विधानसभा से विधायक/पूर्व मंत्री मनोज पाण्डेय तथा सरेनी विधानसभा क्षेत्र के नि.वर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह को पत्र लिख महाराणा प्रताप की मूर्ति लालगंज मे स्थापित कराने को कहा कि इससे निश्चित ही महाराणा प्रताप के शौर्य को सम्मान मिलेगा तो हम सभी के लिए गर्व की बात होगी। जिसपर करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र राजपूत की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, आल इंडिया इस्माल न्यूज पेपर एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष राममिलन शर्मा, समाजसेवी राहुल वर्मा ने कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह से लखनऊ आवास पर भेट कर पूर्व/वर्तमान विधायकों के पत्र देते हुए प्रमुखता से अपनी बात कहां जिसपर मंत्री जयवीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना करा दी जाएगी तथा अपने स्टाफ को मूर्ति स्थापना के लिए कार्ययोजना मे जोडने को कहा वहीं दूसरी ओर जैसे ही जनपद रायबरेली में खबर पहुंची प्रबुद्धजनों ने सराहना जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ इस मुहीम मे जुड़े युवाओं की करते हुए हौसला बढाया कि जहां लोग भीषण गर्मी में निकलना नहीं चाहते वहीं युवा महाराणा प्रताप की स्थापना कराने के लिए बिना कुछ परवाह किए संघर्ष कर रहे है जो बधाई के पात्र है।

## एसडीएम के स्थानांतरण तक हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता

- स्थानांतरण न होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उपजिलाधिकारी के विरुद्ध तहसील के अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोला दिया हैं। जमकर नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण होने तक हडताल पर रहने का फैसला किया हैं।

दरअसल पूरा मामला सलोन तहसील परिसर का हैं।जहां कल एक अधिवक्ता के परिवार में मृत्यु हो गई थी। जिसमें अधिकतर अधिवक्ता अन्तिम संस्कार में शामिल होने चले गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी से अधिकांश अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति के कारण प्रस्ताव देकर किसी भी पत्रावली में कोई विपरीत आदेश न किये जाने की अनुरोध किया।

किन्तु उपजिलाधिकारी द्वारा सभी पत्रावलियों को खारिज कर दिया गया। जिसकी जानकारी होने पर आज सभी अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा सलोन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। मुर्दा बाद के नारा लगाते हुए स्थानांतरण न होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस दौरान अध्यक्ष लालता प्रसाद व महामंत्री शिव बहादुर व संजय सिंह,राजीव द्विवेदी,ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी,गिरजेश मिश्रा,प्रवीण तिवारी समेत तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

### पीड़ित ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित ने सीओ को दिया शिकायती पत्र अमरजीत पुत्र राम आधार निवासी ग्राम थुलवासां थाना महराजगंज ने क्षेत्राधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मंशाराम पुत्र सुर्जबली धुन्ना पुत्र सुर्जबली अखिलेश पुत्र मंशाराम सतीश पुत्र धुन्ना संतोष कुमारी पुत्री मंसाराम निवासीगण ग्राम थुलवासां थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा 17 .6. 2024 को विवाद उत्पन्न हुआ था जिसमें थाने के द्वारा दोनों पक्षों को मध्य धारा 151/107 /116 में पाबंद किया गया है ।इसके बावजूद दिनांक 20. 6. 2024 को प्रतिपक्षीगण गाली गलौज करते मेरे घर आ गए मैं जब पूछा कि गाली गलौज क्यों दे रहे हो इतने में प्रतिपक्षी संख्या एक मंशाराम ने मेरी कॉलर पकड़कर थप्पड़ों से मारा तथा सभी प्रतिपक्षीगढ़ ऐलानियां जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रतिपक्षीगढ़ दबंग किस्म के लोग हैं तथा महिला प्रतिपक्षी झगड़ालू किस्म की है ।.दिनांक 19 6.24 को चौकी थुलवासां मे एक प्रार्थना पत्र प्रतिपक्षीगण के विरुद्ध देने गए तो चौकी इंचार्ज ने प्रार्थना पत्र लिए बिना ही भगा दिया । प्रतिपक्षीगण के विरुद्ध विधिक कार्रवाई न की गई तो किसी भी समय प्रार्थी के साथ अप्रिय घटना घट सकती है। अमरजीत ने सीओ से गुहार लगाते हुए विधिक कार्रवाई कराए जाने की मांग की।

### योग भगाए रोग, योगाभ्यास कर मनाया योग दिवस



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विश्व योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया शुक्रवार को सुबह से ही लोगों में योग को लेकर विशेष उत्साह दिखा शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी विश्व योग दिवस पर योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए ब्लॉक परिषद डलमऊ में खंड विकास अधिकारी एवं तहसीलदार डलमऊ की अगवाई में योगाभ्यास किया गया योगाचार्य आनंद ने लोगों को योगाभ्यास कराया अनुलोम विलोम कपालभाति ताड़ासन वज्रासन सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रिया के माध्यम से लोगों को योगाभ्यास कराया गया योगाचार्य आनंद ने बताया कि नित्य योग करने से शरीर निरोग रहता है तहसीलदार डलमऊ ध्रुव नारायण यादव ने कहा कि योग ही ऐसी क्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य विभिन्न रोगों से छुटकारा पा सकता है इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड खंड विकास अधिकारी डलमऊ सत्यदेव यादव सहित बड़ी संख्या में कस्बे वासी भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, पलियाकलॉ (खीरी)**

पत्रांक/सफाई निविदा/2024-25/40 दिनांक-18/06/2024

**सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान मण्डी स्थल पलियाकलॉ की सफाई हेतु अनुभवी एवं सुद्रण इच्छुक फर्म/व्यक्तियों से स्वीकृति दिनांक से दिनांक 31.03.2025 तक वार्षिक / मासिक ठेके पर कार्य कराये जाने हेतु अलग-अलग सील बन्द निविदाये निर्धारित शर्तों के अधीन तीन लिफाफा पद्धित से (जिसमें एक लिफाफे में तकनीकी विड एवं वित्तीय बिड का अलग-अलग लिफाफा) दिनांक-27/06/2024 तक अपरान्ह-01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाये समिति कार्यालय से किसी कार्य दिवस में राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट जो ए0पी0एम0सी0 पलियाकलॉ के पक्ष में देय हो अथवा नकद धनराशि पर 590-00 रु0 के भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा की धरोहर राशि 82,000-00 रु0 की राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 जो सचिव मण्डी समिति, पलियाकलॉ के नाम बंधक हो तथा उक्त कार्य की निर्धारित शर्त नं0 2 एवं 3 के द्वारा अपेक्षित सभी अभिलेख / प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदओं को उप जिलाधिकारी / सभापति मण्डी समिति पलियाकलॉ के द्वारा की दिनांक-27/06/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तकनीकी बिड एवं अपरान्ह 04:00 बजे वित्तीय बिड कार्यालय मण्डी समिति पलियाकलॉ में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।

अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति उक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्ते नोटिस बोर्ड पर एवं कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में पढ़ी अथवा देखी जा सकती हैं। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार उप-जिलाधिकारी / सभापति मण्डी समिति पलियाकलॉ में निहित होगा।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति पलियाकलॉ (खीरी)**

**उप-जिलाधिकारी/सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, पलियाकलॉ (खीरी)**

# पेपर लीक होने से खफा कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नीट और यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में देश की सियासत गर्म हो गई है। पेपर लीक के खिलाफ देश की मुख्य विपक्ष पार्टी कांग्रेस शुक्रवार को देश भर में सड़कों पर उतर आई। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक के खिलाफ देश भर में जगह-जगह प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते देखे गए। रायबरेली मे भी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में NEET और NET परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर और छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि परीक्षा घोटाला छात्रों के साथ-साथ देश के भविष्य के साथ भी धोखा है।

उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### छात्रों को धोखा दे रही सरकार

कांग्रेसियों ने कहा कि पेपर लीक कराकर मोदी सरकार छात्रों, युवाओं को धोखा दे रही है, लेकिन वह भारत में पेपर लीक को रोक नहीं पाए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए एनईईटी जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार आम बात हो गई। उन्होंने सरकार से परीक्षा संबंधी मुद्दों की तुरंत समीक्षा करने, शिकायतों का समाधान करने की अपील की है।

### नीट मामले को लेकर विपक्ष हमलावर

नीट मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है. विपक्ष केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। बृहस्पतिवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि इस तरह से पेपर लीक होना व्यापमं घोटाले का विस्तार है. इन परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है. उन्होंने कहा है कि मामले को हम संसद में उठाएंगे. सरकार पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि शिक्षण संस्थाओं पर बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों ने कब्जा हो चुका है। जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होगा।

## लाखों मौतों की जवाबदेही

यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं।

वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था। दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है।

# पेपर लीक पर तात्कालिक स्थाई कार्रवाई रूपी बुलडोजर चलाना समय की मांग

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**30 जून को रिजल्ट आएगा व 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी मामले की पहली सुनवाई होगी, तब तक काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाई गई है। उधर विपक्षी पार्टियों व युवा नेता लगातार शाब्दिक हमले कर रहे हैं किपरीक्षा पर चर्चा में आकर टिप्स देने वाले आज छात्रों की मुश्किल घड़ी में छुपी धारण किए हुए हैं। रूस यूक्रेन इसराइल हमास मामले में एक झटके में युद्ध रोकने वाले अपने ही घर में पेपर लीक नहीं रुकवा पा रहे हैं इत्यादि सभी बातें आज दिन भर प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया व टीवी चैनलों पर चलती रही जिसे मैं बहुत ध्यान व गंभीरता से देख पढ़ व सुना और मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि यह पूरे जो मामले की मशक्कत हो रही है यह हर बार होता रहता है। अब समय आ गया है, इस पेपर लीक का स्थाई समाधान करना जरूरी है, क्योंकि मीडिया में मैंने पढ़ा पिछले 7 वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक मामले आ चुके हैं जिससे 1.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए हैं जो एक दुखद बात है।**

इं पूरे भारत में पिछले कुछ दिनों से पेपर लीक की फिर वही स्थितियां दोहराई जा रही है और पूरे देश में यूजीसी नेट व नीट यूजी पेपर लिक को लेकर कोहराम मचा हुआ है। अनेक हाईकोर्ट्स से लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए के खिलाफ सख्त टिप्पणी भी की है केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने 20 जून 2024 को रात्रि 8 बजे से उपर तक चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी सफाई दी ग्रेस मार्क हटा देने से सुलझा मामला बताया। 23 जून 2024 को उनकी परीक्षा है।

30 जून को रिजल्ट आएगा व 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी मामले की पहली सुनवाई होगी, तब तक काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाई गई है। उधर विपक्षी पार्टियों व युवा नेता लगातार शाब्दिक हमले कर रहे हैं किपरीक्षा पर चर्चा में आकर टिप्स देने वाले आज छात्रों की मुश्किल घड़ी में छुपी धारण किए हुए हैं। रूस यूक्रेन इसराइल हमास मामले में एक झटके में युद्ध रोकने वाले अपने ही घर में पेपर लीक नहीं रुकवा पा रहे हैं इत्यादि सभी बातें आज दिन भर प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया व टीवी चैनलों पर चलती रही जिसे मैं बहुत ध्यान व गंभीरता से देख पढ़ व सुना और मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि यह पूरे जो मामले की मशक्कत हो रही है यह हर बार होता रहता है। अब समय आ गया है, इस पेपर लीक का स्थाई समाधान करना जरूरी है, क्योंकि मीडिया में मैंने पढ़ा पिछले 7 वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक मामले आ चुके हैं जिससे 1.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए हैं जो एक दुखद बात है। मैंने टीवी चैनलों पर छात्रों से ग्राउंड रिपोर्टिंग पर की गई बातचीत सुनी तो दिल पसीज उठा कि आखिर हम आज विजन 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वह पूर्ण विकसित देश की बात कर रहे हैं और जो इन विजन को पूरा करने वाले हैं वह आज के छात्र हैं, जो कल वैज्ञानिक इंजीनियर डॉक्टर तकनीकी इत्यादि विशेषज्ञ बनने जा रहे हैं परंतु यदि वे ही पेपर लीक माध्यम वाले होंगे और वास्तविक इंटेलिजेंट छात्र फुटपाथ पर पकोड़े तलेंगे तो फिर हमारी बात दूर की कौड़ी साबित होगी, जिसे गंभीरता से रेखांकित करना होगा।

क्योंकि यह बात ग्राउंड रिपोर्टिंग पर छात्रों ने कही है। चूंकि आज पूरे देश में पेपर लीक मामले का कोहराम मचा हुआ है। 7 वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक वह 1.5 0 करोड लोग इससे प्रभावित हुए हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विजन 2047 के स्पीड ब्रेकर रूपी पेपर लीक पर तात्कालिक स्थाई कार्यवाही रूपी बुलडोजर चलाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम इस पूरे मुद्दे व गतिविधियों को समझनेकी करें तो, नीट परीक्षा देने वालेछात्रों के लिए बड़ी खबर,फिर सेएग्जाम होने पर किया जा सकता है याने संभावना हो सकती है।नीटपरीक्षा से बिगड़ रही साख को बचाने शिक्षा मंत्रालय सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।फिलहाल जोजानकारी सामने आयी है उसके अनुसार मंत्रालय ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन सभी विकल्पों पर गौर करने को कहा है कि जिसमें फिर से परीक्षा कराने जैसे विकल्प भी शामिल है। हालांकि अभी इस पर किसी तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया हैमेडिकल में दाखिले से जुड़ी परीक्षा नीट-यूजी में गड़बड़ियो के लग रहे नए-नए आरोपों और सुप्रीम कोर्ट की मंगलवार को आई तल्ख टिप्पणी के बाद शिक्षा मंत्रालय पूरी तरह से हरकत में दिखा। शिक्षा मंत्री ने खुद इस मुद्दे पर आला अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। जिसमें नीट से जुड़े विवाद के सभी पहलुओं पर गंभीरता से चर्चा हुई है। फिलहाल जो जानकारी सामने आयी है उसके अनुसार मंत्रालय ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन सभी विकल्पों पर गौर करने को कहा है कि जिसमें फिर से परीक्षा कराने जैसे विकल्प भी शामिल है। हालांकि, अभी इस पर किसी तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया है मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो केंद्रीय मंत्री प्रधान इस दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के रवैए को लेकर भारी नाराज है।

उनका मानना था कि एनटीए को परीक्षा को लेकर जिस तरह से पारदर्शिता रखना चाहिए था और गड़बड़ियों के सामने आने पर आगे बढ़कर काम करना था जो उनसे नहीं किया।...माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में आठ जुलाई को नीट मामले की प्रस्तावित सुनवाई के बाद इस मामले में एनटीए के आला अधिकारियों पर गाज गिरना तय है। जिसमें एनटीए डीजी पर भी इस मामले में बड़ी कार्रवाई हो सकती है। शिक्षामंत्री प्रधान लगातार एनटीए को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए और कह रहे हैं कि यदि इनमें एनटीए की गड़बड़ी मिली तो उसे भी जवाबदेह बनाएंगे और जो भी इसमें शामिल होगा, उसे छोड़ेंगे नहीं। मीडिया की मानें तो मंत्रालय ने इस सभी विकल्पों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक ली है कि कौन-सा विकल्प छात्रों के ज्यादा हित में रहेगा। हालांकि अभी किसी तरह का अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। लेकिन जो संकेत दिए जा रहे है, उसके तहत इन पर जल्द ही कोई निर्णय लिया जा सकता है। मंत्रालय का मानना है कि इस मुद्दे के ज्यादा लंबा खिंचने से उसकी साख खराब हो रही है।गौरतलब है कि एनटीए ने हाल ही में ग्रेस मार्क्स वापस लेने के बाद ग्रेस मार्क्स पाए सभी 1563 छात्रों को फिर से परीक्षा का विकल्प दिया है। जो 23 जून को प्रस्तावित है, जबकि रिजल्ट 30 जून को आएगा। हालांकि जिस तरह से परीक्षा में शामिल बाकी छात्रों के विकल्प पर फिर से चर्चा हुई है, उससे इस परीक्षा को लेकर संदेह के बादल उठने लगे है। साथियों बात अगर हम 20 जून देर रात तक चली केंद्रीय शिक्षा मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस की करें तो, केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा,बहुत सारे लोगों की नाराजगी मेरे पास आती है, उनकी नाराजगी वाजिब है। मैं इस मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेता हूं। लॉ के हिसाब से जो भी रास्ते होंगे उसे करना सरकार का दायित्व होगा उन्होंने कहा,मेरे पास इस जिम्मेदारी से हटने का कोई कारण है। देश के भविष्ट को सुरक्षित करना पड़ेगा। पारदर्शिता को मेंटेन करना पड़ेगा. बिहार पुलिस कुछ जांच कर रही है. पूरी प्रकिया के बाद जो भी जिम्मेदार होगा उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा,पटना पुलिस का काम सराहनीय है, कुछ जानकारी आना अभी बचा है. लाखों मेधावी गरीब विद्यार्थियों की बात है. हम ऐसा कुछ न करें कि हमारे देश के बच्चों का भविष्ट कटघरे में आ जाए,उन्होंने कहा,आईसोलेटेड घटना के लिए उनके करियर को होस्टेज में न रखा जाए। किसी भी गुनहगार को हम नहीं छोड़ेंगे. कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।

## विचार

# मंत्री जी को ही कुछ पता नहीं है

**अरविन्द मोहन**



**परीक्षा के दिन से ही नहीं उससे पहले से हंगामा है और वे अनजान दिखते हैं जबकि वे ही पुराने शिक्षा मंत्री भी हैं। जिन कुछ मंत्रियों को पुराने विभाग वापस मिले हैं उनमें धर्मेन्द्र प्रधान भी हैं। इसका तत्काल यह नतीजा निकालने की जरूरत नहीं है कि खुद उनकी इस घोटाले में संलिप्तता है लेकिन यह जरूर पूछा जा सकता है कि उनको कैसे पता नहीं था। परीक्षा का फार्म भरने की तारीख बीतने के बाद अचानक फार्म लेने वाला विंडो खुला और चौबीस हजार फार्म जमा हो गए।**

कि सी जमाने में कर्ज की अदायगी और प्रतिरक्षा हमारे बजट में खर्च का सबसे बड़ा आइटम हुआ करते थे। सूद और कर्ज की अदायगी का अनुपात भी पहले से कुछ काम हुआ है लेकिन रक्षा बजट काफी छोटा हो गया है। कायदे से इस बदलाव के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ना चाहिए क्योंकि विकसित देश होने की यह शर्त जैसी है कि जो जितना विकसित वह स्वास्थ्य और शिक्षा पर उतना ज्यादा बजट खर्च करता है।

इस बीच यह बदलाव भी हुआ है कि राजनैतिक रूप से भले ही रक्षा, गृह, विदेश और वित्त मंत्री ज्यादा महत्व पाते हों लेकिन असली महत्व के मामले में वाणिज्य, सूचना तकनीक, सड़क परिवहन और विदेश व्यापार प्रमुखता पाने लगे हैं। एक जमाने में संचार मंत्रालय भी काफी भाव पा रहा था। पर इन सबके बीच वह मंत्रालय, जिसे शिक्षा का काम संभालना है लेकिन नाम मानव संसाधन विकास कर दिया गया है, लगातार अपना भाव बढ़ाता गया है। कभी तो इसके मंत्री को प्रधानमंत्री के बाद सबसे ज्यादा महत्व वाला माना जाता था। इधर जरूर हुआ है कि चुनाव हारकर भी मंत्री बनी स्मृति ईरानी(जिनकी डिग्री का विवाद भी प्रधानमंत्री की डिग्री की तरह ही चर्चा में रहा) और धर्मेन्द्र प्रधान जैसों के मंत्री बनने से शिक्षा विभाग लगातार कई तरह के विवादों में रहा है और इस पद का महत्व भी कम हुआ है। जिस तरह से देश भर के मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा नीट्य के नतीजों को लेकर विवाद हुआ है हमको-आपको सभी को इस विभाग और इसके काम का महत्व समझ में आने लगा है। महत्व तो इसके मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को ज्यादा मालूम है लेकिन वे कुछ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे इस पूरे काम से कुछ परेशान हों। और इस परेशानी में वे रह-रह कर एक एक कदम उठा रहे हैं जो मजबूरी या अदालती आदेश का दबाव ज्यादा लगता है, अपने विभाग का दोष या गलती सुधारने की इच्छा से उठाया गया कदम नहीं लगता। और जिस तरह से वे परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को लगातार दोषमुक्तकरते जा रहे हैं और परीक्षार्थियों,अभिभावकों को झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं वह बताता है कि वे सब कुछ जानकार भी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं। परीक्षा के दिन से ही नहीं उससे पहले से हंगामा है और वे अनजान दिखते हैं जबकि वे ही पुराने शिक्षा मंत्री भी हैं। जिन कुछ मंत्रियों को पुराने विभाग वापस मिले हैं उनमें धर्मेन्द्र प्रधान भी हैं। इसका तत्काल यह नतीजा निकालने की जरूरत नहीं है कि खुद उनकी इस घोटाले में संलिप्तता है लेकिन यह जरूर पूछा जा सकता है कि उनको कैसे पता नहीं था। परीक्षा का फार्म भरने की तारीख बीतने के बाद अचानक फार्म लेने वाला विंडो खुला और चौबीस हजार फार्म जमा हो गए। ज्यादातर गड़बड़ इनको लेकर है। फिर बिना किसी वजह के कुछ छात्रों को अनुग्रह अंक-ग्रेस मार्क्स दे दिए गए। गड़बड़ पकड़ी गई तो मंत्री जी ने ग्रेस मार्क्स हटाने या दोबारा परीक्षा का विकल्प दे दिया मानो एक जगह की गड़बड़ से दूसरे का कोई रिश्ता ही न हो। रिजल्ट अपूर्व हो गया और कट-आफ मार्क्स किसी की कल्पना से ऊपर पहुंच गया। इतने टापर हो गए कि गिनना मुश्किल। पूरे-पूरे अंक लेकर टाप करने वाले छह टापरों वाले केंद्र का स्कूल संचालन भाजपा के एक विवादास्पद नेता के पास था। इंटर फेल भी टापरों में था तो दूसरी प्रवेश परीक्षाओं के टापर फेल हो गए।

कुछ केंद्र के बच्चों का रिजल्ट आश्चर्यजनक अच्छा हुआ तो कई कई राज्यों के कुछ बच्चे हजारों मील दूर गुजरात के एक केंद्र पर परीक्षा देने गए और ज्यादातर पास हो गए। कई बच्चों ने जबाब न आने पर स्थान खाली छोड़ दिया जिसे बाद में भरे जाने की पुष्टि हुई है। परीक्षा के दिन ही एक बड़े हिन्दी अखबार ने अपने सभी संस्करणों में पटना में सवाल कई दिन पहले लीक होने की खबर छापी। बच्चों को प्रश्नपत्र देकर जवाब का अभ्यास कराया गया। पटना पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और जलाए गए प्रश्न-पत्र पकड़े। कुछ छात्र और अभिभावक भी पकड़े गए जिन्होंने इस गड़बड़ को कबूला। और हद तो तब हो गई जब तीस और चालीस लाख के पोस्ट-डेटेड चेक इन गिरोहबाजों के पास से मिले। अर्थात पूरा धंधा बहुत भरोसे और निश्चिंत भाव से चल रहा था। हर तरफ से इसी तरह की गड़बड़ी की खबरें आ रही हैं और इस धंधे के लगातार चलाने की बात भी पुष्ट हो रही है लेकिन मंत्री जी ही एकदम अनजान बने बैठे हैं और अभी भी अदालत से निर्देश मिलने का पालन होने की बात करते हैं। अगर अदालत को ही सब कुछ करना है तो आप किस लिए बने हैं। और तय मानिए कि अदालत भी आंख बंद नहीं करने वाली है क्योंकि चालीस से ज्यादा मुकदमे हो चुके हैं और रोज नए सबूतों के साथ परीक्षार्थियों के आरोप सही साबित हो रहे हैं। बच्चे भी भीषण गर्मी के बावजूद सड़कों पर उतरे हुए हैं क्योंकि उनके लिए तो जीवन-मरण का सवाल है। और यह खेल सिर्फ नीट की परीक्षा में हुआ हो यह संभव नहीं है। हर परीक्षा शक के दायरे में है और आधी से ज्यादा परीक्षाओं में तो प्रश्नपत्र लीक होने की बात भी सामने आ रही है।

## पेपर लीक की अगली कड़ी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना 2017 में की गई थी, जिसके ऊपर उच्च शिक्षा और विभिन्न सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं को आयोजित कराने की महती जिम्मेदारी है। देश में जिस तरह एक के बाद एक परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक के अपराध हो रहे हैं, उसके बाद एनटीए को ही परीक्षा की कसौटी से गुजरने की जरूरत है कि आखिर इस एजेंसी की उपयोगिता है भी या नहीं।

देश भर में अभी नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी का मामला सुलझा नहीं है कि अब यूजीसी नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गई है। क्योंकि इसमें भी धांधली की आशंकाएं हुई हैं। गौरतलब है कि 18 जून मंगलवार को देश भर में दो शिफ्टों में यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी। लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने अब इस परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक परीक्षा के अगले ही दिन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से परीक्षा के बारे में कुछ इनपुट मिले, जिनके विश्लेषण से प्रथम दृष्टया लगता है कि इसमें गड़बड़ी हुई है। मंत्रालय ने यह भी बताया है कि इस गड़बड़ी की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। कितने खेद की बात है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनाने के दावे सरकार करती रही, जहां ज्ञान की परंपरा की शेखी बघारने से सत्ताधीशों को फुर्सत नहीं मिलती। वहां अब स्थिति ऐसी हो गई है कि परीक्षा में धांधली की जांच सीबीआई को करनी पड़ रही है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो के बारे में यही आम धारणा है कि अपराध गंभीर किस्म का हो, तब सीबीआई उसकी जांच करता है। यानी यूजीसी नेट की परीक्षा में अवश्य कोई इतना गंभीर खेल खेला गया होगा, या बड़े शक्तिशाली लोगों का इसमें हाथ रहा होगा, तभी इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई है। देश भर के विश्वविद्यालयों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और असिस्टेंट प्रोफेसर पद के चयन के लिए यूजीसी नेट की परीक्षा करवाई जाती है। हर साल लाखों विद्यार्थी इसमें बैठते हैं। इस बार भी 9 लाख 8 हजार 580 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। लेकिन अब इन लाखों बच्चों के सामने फिर अगली बारी का इंतजार खड़ा कर दिया गया है। इनमें से न जाने कितने छात्र-छात्राएं कठिन हालात में उच्च शिक्षा हासिल करने आए होंगे, कितनों को जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़ा होने की जरूरत होगी, ताकि वे घर वालों के लिए बोझ न बनें। रद्द हुई परीक्षा दोबारा कब होगी, और इस बार जिन कारणों से परीक्षा को खारिज करवाया गया, क्या वे कारण अगली बार मौजूद नहीं रहेंगे, क्या जो गड़बड़ी अभी पकड़ ली गई, क्या अगली बार उसे दोहराया नहीं जाएगा या कोई और धांधली नहीं होगी, क्या ऐसी पुख्ता व्यवस्था सरकार कर पाएगी। इन सवालों के जवाब इन 9 लाख विद्यार्थियों को सरकार से मांगने चाहिए। 2018 से एनटीए इस परीक्षा को आयोजित कराती आई है और हमेशा कंप्यूटर से ही यह परीक्षा होती रही है, लेकिन इस साल एनटीए ने फैसला लिया कि छात्र अलग-अलग केंद्रों पर एक साथ पेन, पेपर की मदद से यह परीक्षा देंगे। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह फैसला परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने और छात्रों से मिली प्रतिक्रियाओं के आधार पर लिया गया। लेकिन सवाल किया जा सकता है कि परीक्षा को बेहतर बनाने के लिए कंप्यूटर छोड़कर पेन-पेपर के इस्तेमाल का विचार ही क्यों आया, क्या बेहतरी के लिए कोई और तरीका नहीं सूझा। सवाल यह भी है कि पेन-पेपर से ली गई परीक्षा में गड़बड़ी की भनक साइबर सेल को किस तरह से लगी और यह किस तरह की गड़बड़ थी। क्या यह पेपर लीक की श्रृंखला में ही एक और कड़ी का जुड़ना है। क्या एनटीए में अब ऐसे लोगों की पैठ हो गई है जो परीक्षा माफिया के इशारों पर काम कर रहे हैं। ध्यान रहे कि नीट की परीक्षा भी एनटीए ने ही आयोजित कराई थी। जिसमें कमाल यह हुआ था कि 24 लाख अभ्यर्थियों में 67 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिले थे, वहीं कुछ ऐसे भी छात्र थे जिन्हें 718 या 719 अंक हासिल हुए थे।



## राशिफल

**मेषः-** महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**वृषभः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कर्कः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**सिंहः-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्याः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

**वृश्चिकः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें।

**धनुः-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकरः-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**कुंभः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मीनः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

# न नीट, न क्लीन, नियुक्ति भी मलिन!!

**बादल सरोज**




**नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल, पटवारी, और कृषि विस्तार एवं विकास अधिकारियों, जिला सहकारी बैंकों यहां तक कि नगर परिषदों सहित मध्यप्रदेश में ऐसी एक भी भर्ती नहीं हुई जिसमे घोटाले नहीं हुए हों। सभी घोटालों का एक ही पैटर्न था- नीट की तरह एक ही केंद्र से एक साथ दस के दस टॉपर्स का निकलना, कुछ चुनिन्दा परीक्षा केन्द्रों द्वारा कामयाबियों के रिकॉर्ड कायम किया जाना। व्यापम ने इंजन- बोगी की नई उपमाएं और उपमान भी दिए। यूपी ने शिक्षक, कांस्टेबल, सहकारी बैंकों आदि इत्यादि की सभी भर्तियों में तो घोटाले किये ही, दो कदम आगे बढ़कर विधानसभा और विधान परिषदों की भर्ती का घोटाला यहां तक कि राममन्दिर में जमीन खरीदी घोटाला भी कर दिखाया। पेपर लीक के मामले में तो इन गुजरात मॉडल्स वाले राज्यों ने जैसे जिद ही कर ली कि कोई भी पर्चा बिना लीक हुए छूटना नहीं चाहिए। यूपी ने इसमें भी अपने को बड़ा साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देखने में भले अलग राज्य हों, अलग परीक्षाएं हों मगर कुछ तो ऐसा है जो इन्हें आपस में जोड़ता है।**

ज रा भी ढंग से और थोड़े से भी सही तरीके से जांच हुई तो पता चलेगा कि रोशनी हर जगह से काली थी। सुकरात के किसी और प्रसंग में कहे वाक्य में कहें तो भ्रष्टाचारियों का धर्म नहीं होता, विचार जरूर होता है। एक विचार है वामपंथ, इसे इसके विरोधी सत्रह सौ सत्रह बातों के लिए कोसते रहते हैं, मगर इसके धुर विरोधी भी इसे घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार के लिए नहीं कोस पाते। बुजुर्गवार कह गए हैं कि इच्छाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे लालच से लालसा में परिवर्तित होते हुए हवस तक पहुंचने की सम्भावनाओं से भरी होती हैं। यह बात इन दिनों हर मामले में नुमायां होती नजर आ रही है।

पेपर लीक में अक्खा दुनिया में विश्व गुरु बनने के बाद भी लालसा पूरी नहीं हुई तो अब कुछ उससे भी आगे करने की हवस जहां सोची तक नहीं गयी थी वहां, जिस तरह से होने की आशंका तक नहीं की गयी थी उन तरीकों से किये जा रहे कारनामो में सामने आ रही हैय करने वालों की कल्पनाशीलता, हर बार कुछ नया ढूंढने की उनकी उद्यमशीलता नए-नए कीर्तिमान कायम कर रही है। करीब चौथाई करोड़ युवा प्रतियोगियों के जीवन को प्रभावित करने वाला ताजातरीन नीट घोटाला इसकी एक मिसाल है। इसे आखिरी मानना, घोटाले करने वालों की अन्वेषण और अनुसंधान क्षमताओं का अपमान करना होगाय कुछ वर्ष पहले लिखा याद आया कि य श्व्यापमं के आगे जहां और भी हैं ध् अभी ऐसे ही इम्तहां और भी हैं!! नीट में हुई चीटिंग से पहले के भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला- व्यापम - इस सदी की शुरुआत में 2013 में मध्यप्रदेश में सामने आया। व्यापमं का नाम इसे प्रतियोगी परीक्षा करने वाले संस्थान - व्यवसायिक परीक्षा मंडल- के संक्षिप्तीकरण से मिला।

उस साल अलग-अलग परीक्षाओं में कोई 25 लाख परीक्षार्थी बैठे थे - मगर कई तरह से फर्जीवाड़ा करके चुने वे ही गए जिन्होंने एक निश्चित धनराशि नेताओं और अधिकारियों तक पहुंचा दी थी। घोटाले के उजागर होते ही इससे जुड़े, इसकी जानकारी रखने वाले कोई आधा सैकड़ा लोगों की रहस्यमय तरीके से मौत एक अलग ही काण्ड था। सीबीआई की जांच में कुछ भी साबित न होना और सारे संदिग्धों का आज भी खुलेआम आजाद घूमना और भी अलग काण्ड था। जब व्यापम देश में मुहावरा बन गया तो, मौजूदा हुक्मरानों ने उसका नाम बदल दिया- लेकिन सिर्फ नाम ही बदला भर्ती घोटाले जारी रहे। नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल, पटवारी, और कृषि विस्तार एवं विकास अधिकारियों, जिला सहकारी बैंकों यहां तक कि नगर परिषदों सहित मध्यप्रदेश में ऐसी एक भी भर्ती नहीं हुई जिसमे घोटाले नहीं हुए हों। सभी घोटालों का एक ही पैटर्न था- नीट की तरह एक ही केंद्र से एक साथ दस के दस टॉपर्स का निकलना, कुछ चुनिन्दा परीक्षा केन्द्रों द्वारा कामयाबियों के रिकॉर्ड कायम किया जाना। व्यापम ने इंजन-बोगी की नई उपमाएं और उपमान भी दिए। यूपी ने शिक्षक, कांस्टेबल, सहकारी बैंकों आदि इत्यादि की सभी भर्तियों में तो घोटाले किये ही, दो कदम आगे बढ़कर विधानसभा और विधान परिषदों की भर्ती का घोटाला यहां तक कि राममन्दिर में जमीन खरीदी घोटाला भी कर दिखाया। पेपर लीक के मामले में तो इन गुजरात मॉडल्स वाले राज्यों ने जैसे जिद ही कर ली कि कोई भी पर्चा बिना लीक हुए छूटना नहीं चाहिए।

यूपी ने इसमें भी अपने को बड़ा साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देखने में भले अलग राज्य हों, अलग परीक्षाएं हों मगर कुछ तो ऐसा है जो इन्हें आपस में जोड़ता है। वह क्या है यह जानने के लिए ताजा नीट घोटाले से ही शुरू करते हैं। जिन की रहनुमाई और देखरेख में यह घोटाला हुआ उस परीक्षा को कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन टी ए) के चेयरमैन डॉ प्रदीप जोशी हैं । ये सज्जन पहले मध्यप्रदेश, उसके बाद छत्तीसगढ़ की पी एस सी - प्रतियोगी परीक्षाएं कराने वाली पी एस सी के अध्यक्ष रहे। उनकी काबिलियत इतनी अनोखी थी कि इन दो राज्यों को उपकृत करने के बाद भी उन्हें यू पी एस सी सौंप दी गयी। वहां उनका समय पूरा हुआ या न हुआ, उन्हें अगस्त 2023 में तीन वर्षों के लिए एन टी ए का चेयरमैन बना दिया गया। जोशी जी में आखिर ऐसी असाधारण योग्यता क्या है? इसका पता खुद सरकारी दस्तावेजों से चला। इन्हें जबलपुर के एक कॉलेज के प्रोफेसर से सीधा एमपी पीएससी का अध्यक्ष बनाया गया था तब इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया और योग्यता को लेकर पूछी गयी एक आर टी आई में उनकी विशिष्ट योग्यता का प्रमाणपत्र मिला।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# करें योग रहे निरोग,अपनायें योग भगायें रोग

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- भारत ने विश्व को योग के रूप में अमूल्य धरोहर दी है: असीम अरुण
- दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन स्थित मैदान में लगाया गया योग शिविर, मंत्री असीम अरुण, डीएम, एसपी व जन प्रतिनिधियों समेत तमाम लोगों ने किया योगाभ्यास



**दशम् अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित मैदान में आयोजित हुए योग शिविर में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने अधिकारियों/कर्मचारियों एवं आमजनमानस के साथ योगाभ्यास किया। इसके अलावा समस्त तहसीलो,जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज, समस्त विद्यालयो, मेंहदी घाट, विकास खंडो, नगर पालिका एव नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों में योग शिविर लगाकर योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से 10 वर्ष पूर्व पूरे विश्व को यह सौभाग्य दिया तब से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की शुरूआत हुई। यह बहुत ही बड़ी उपलब्धि है 10 वर्ष में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास बहुत ही महत्वपूर्ण है और यह बहुत ही जरूरी है कि हम लोग निरोग रहे। जहां एक ओर अस्पतालों को अच्छा किया जा रहा है और संख्या बढ़ाई जा रही है। लेकिन इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है कि बीमारी हो ही न और उसके लिये योग, प्राणायाम, आयुर्वेद और पूरे आयुष पद्धति का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी जी ने इस पर बहुत जोर दिया है। और हम सब मिलकर इस पर काम करने का प्रयास कर रहे है। कहा कि आज योग का एक दशक पूरा हो गया है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अमूल्य धरोहर दी है, जिसे मोदी जी ने पूरी दुनिया में पहुंचाया है। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं है बल्कि तन और मन से स्वास्थ्य रहने की जीवन शैली है। उन्होने कहा कि योग से व्यक्ति का मन शांत रहता है और तनाव कम होता है। योग लोगों के जीवन को और भी अधिक गतिमान बनाता है, क्योंकि योग शारीरिक रुप से ही नहीं अपितु मानसिक रुप से भी ऊर्जावान बनाता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को इसके महत्व को समझाते हुए बताया कि रोजाना योग करने से जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यह तनाव और चिंता को दूर करने में मदद करता है, साथ ही यह कई तरह की बीमारियों से निजात दिलाने में सहायक होता है। अतः हम सभी को नियमित रूप से योग करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रदीप कुमार विश्वकर्मा ने किया। योग प्रशिक्षक आकांक्षा सिंह सेंगर एवं शिव प्रताप व उनकी टीम ने योगासन की विभिन्न मुद्राओं को करके दिखाया तथा उपस्थित जनसामान्य को उनके लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी। योगाभ्यास में तमाम लोगों ने प्रतिभाग किया।

# नीट में धांधली को लेकर सपाईयों ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

- राजकीय मेडिकल कॉलेज के गेट के सामने किया प्रदर्शन
- नारेबाजी कर केन्द्रीय मंत्री के पुतले में लगा दी आग

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी की। बाद में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंका। नीट परीक्षा में धांधली को लेकर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज गेट के सामने करीब आधा सैकड़ा समाजवादी छात्रसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट हुए। छात्रसभा के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा को रद्द किए जाने व धांधली की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग रखी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के एनटीए को क्लीन चिट दिए जाने के बयान पर नाराजगी जताई। बाद में सपाईयों ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का एक पुतला तैयार कर उसमें आग लगा दी। शिक्षा मंत्री का पुतला जलाए जाने की जानकारी जैसे ही कोतवाली पुलिस को हुई, तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देख सपाई मौके से निकल लिए।

# खबरें चलते-चलते

## मनुष्य अच्छे कर्म करें तो निश्चित ईश्वर फल देगा: आचार्य महेंद्र शास्त्री

**समधन,समृद्धि न्यूज़।** श्रीमदभागवत कथा सुनाते हुऐ आचार्य ने बताया कि मनुष्य को श्रद्धा के साथ कर्म अच्छे करने चाहिए फल तो परमात्मा के ऊपर है इसमें हम आप कुछ कर नहीं सकते है। मलिकपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य महेंद्र शास्त्री ने पुरुषोत्तम भगवान राम के वन गमन की लीला को सुनाते हुऐ कहा कि उन्होंने पिता दशरथ के वचन को स्वीकार करते हुऐ अयोध्या का राजपाठ त्याग कर चौदह वर्ष के लिये वनवास चले गये लेकिन पिता के वचन को नहीं टाला आज कलियुग में पुत्र पिता की बात को नहीं मानते और पिता पुत्र की बात को नहीं मानते हैं इस तरह की भावनाओं से एक दूसरे के प्रति दूरियां बन रही जो एक अच्छे समाज के लिये घातक है आचार्य ने भक्तो को बताया कि मनुष्य को अच्छे कर्म करना चाहिए तभी परमात्मा से फल की आशा करें उन्होंने कहा बुरे कर्म करने से परिणाम ग़लत ही मिलेगा। आगे भक्तो को बताया जब जब संसार में घोर अत्याचार बढ़ा तब भगवान किसी न किसी रूप में जन्म लेकर अशूरो का विनाश करते हैं इसी प्रकार अहंकारी रावण अगर वन में मां सीता का हरण न करता तो भगवान उसका वध नहीं करते इसलिए मनुष्य को अहंकार नहीं करना चाहिए अहंकार करना मनुष्य का विनाश हो जाता है। इस अवसर पर परीक्षित रामप्रकाश, मेघनाथ मास्टर, अनुरुद्ध कुमार, दीपू कठेरिया, बेचेलाल कठेरिया, दस्तराम कठेरिया, भगवान दास दिवाकर, तेजवीर सिंह, राजीव कठेरिया आदि सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।

## टप्पेबाज ने झोले में रखे एक लाख की नगदी की पार

**तिर्वा।** आर्यावर्त ग्रामीण बैंक तिर्वागंज शाखा में शुक्रवार की दोपहर एक ग्रामीण के झोले से टप्पेबाज द्वारा एक लाख रूपए की नगदी पार कर देने से हड़कम्प मच गया। ग्रामीण ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। पुलिस ने बैंक में जाकर सीसीटीवी फुटेज चेक किए। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के खितारी गांव निवासी शहनूर खां पुत्र तसलीम खां शुक्रवार को तिर्वागंज स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की शाखा में अपने बचत खाते से रूपए निकालने आए थे। उन्होने एक लाख रूपए का चेक भरकर कैश कांउटर पर दिया। इसपर कैशियर ने उन्हे एक लाख रूपए का भुगतान दिया। शहनूर ने भुगतान लेने के बाद एक लाख रूपए अपने झोले में रख लिए। इसी दौरान बैंक में ही उनके पास खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके झोले से एक लाख की नगदी पार कर दी। कुछ देर बाद जब उन्होने अपना झोला देख, तो नगदी न पाकर शोर मचाया। इसपर बैंक में हड़कम्प मच गया। बाद में शहनूर ने कोतवाली आकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने मौके पर जाकर बैंक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। उक्त अज्ञात टप्पेबाज की पुलिस तलाश कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पालिका में हुआ कार्यक्रम

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विश्व योग दिवस पर नगर पालिका परिषद में योग का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों सहित आम जनता द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। शासन के निर्देश पर 15 जून से लगातार योग सप्ताह के अन्तर्गत योगाभ्यास किया जा रहा है। शुक्रवार को योग दिवस के अवसर पर पालिका में आयोजित योगाभ्यास में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें पालिका कर्मियों के अतिरिक्त आम जनता भी योगाभ्यास में सम्मिलित हुई। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने वृक्षारोपण के सम्बन्ध में भी प्रकाश डाला एवं बताया कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 50 वृक्ष लगाने चाहिए। सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वकर्मा भी योगाभ्यास में सम्मिलित हुये उन्होनें भी पर्यावरण के प्रति सजग रहने एवं जागरूक नागरिक की भांति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह व अन्य पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

## तीन युवकों को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी सवे आलम पुत्र रईस द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार को नगर के इंदुईयागंज रोड स्थित स्विमिंग पूल पर अपने साथी अरबाज और साहिबे आलम के साथ नहाने गया था। तभी नितिन व संदीप नें 15 अज्ञात युवकों के साथ नहाने के विवाद को लेकर उससे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू दी बचाव में आये उसके साथियों को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करनें के उपरान्त दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

## पांच के विरुद्ध दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर निवासी चांदनी पुत्री भूरे द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि उसकी शादी गांव के ही राजा पुत्र मुजफ्फर के साथ 6 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन पति राजा, देवर ललई व सद्दाम, नंनद सोनी व बिल्लो नें अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व पचास हजार रुपए नगदी की मांग की गई। उसके द्वारा असमर्थता जतानें पर उक्तगण उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। विगत 30 मई की सुबह उक्तगणों गालीगलौज व मारपीट कर घर से निकल दिया। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कदी गई है।

## जर्जर मकान की दीवार तोड़ते समय लेंटर भरभरा कर गिरा, मलबे में दबकर किशोर की मौत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महचन्दापुर में जर्जर मकान की दीवार तोड़कर ईंटें निकालते समय मकान का लेंटर भरभरा कर ढह गया।मलबे में दबने से एक किशोर की मौत हो गई, वहीं उसका पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। किशोर की मौत से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महचन्दापुर निवासी 50 वर्षीय शेषपाल शुक्रवार को अपने जर्जर मकान की दीवार तोड़ रहे थे, तभी उनका 13 वर्षीय पुत्र मनीराम वहां आ गया और वह दीवार से निकली ईंटों को एकत्र करने लगा। इसी दौरान अचानक से मकान का लेंटर भरभरा कर ढह गया, जिसे लेने टर के मलवे में पिता पुत्र दोनों दब गए। हादसा होते देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद आसपास रहने वाले लोग घटना स्तर पर पहुंच गए। लोगों ने मलबे में दबे पिता-पुत्र को कड़ी मशक्कत के बाद मलबे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक किशोर मनीराम की मौत हो चुकी थी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**नगर पालिका** परिषद छिबरामऊ में बेस्ट वंडर पार्क मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जीरो वेस्ट इवेंट भी कराया गया एवम् वृक्षारोपण भी कराया कार्यालय परिसर के पार्क में अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के योग नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के अध्यक्ष श्री मनोज दुबे एवम् भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता, दिलीप गुप्ता पूर्व सभासद, रमाकांत त्रिपाठी सभासद समस्त कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण राहुल गुप्ता एवम् रंजीत राठौर द्वारा कराया गया जिसमे संजय सिंह, अमरदीप,नीरज मिश्रा, प्रदीप कश्यप, आशुतोष, रामेशचद्र, रामेंद्र, विनोद पांडेय, सरिता सैनी, निर्मला, सुषमा, गौरव सैनी, नंद लाल सैनी, नरेश चंद्र, रामबीर, अभय त्रिपाठी आदि कर्मचारी ने योग में प्रतिभाग किया। श्री राम गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय दसवां योग दिवस सुबह 5¬30 से लेकर 7¬00 तक योग आचार्य भारत स्वाभिमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिला प्रभारी सत्य राम सिंह यादव जी के द्वारा अनुलोम विलोम सूर्य भेदी मर्कट आसान मकरासन अर्धचंद्रासन सूर्य नमस्कार भ्रामरी पिलाबनी उदगीत बकर आसान सिंहासन आदि आसान द्वारा निरोग रहने के लिए योग बहुत जरूरी है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ह्य.स्र.द्व. छिबरामऊ ने कहा योग के द्वारा सभी बीमारियों से निर्जात मिल सकती है हर व्यक्ति को योग के द्वारा अपने जीवन के अच्छा लक्ष्य प्राप्त कर सकता है नायाब तहसीलदार छिबरामऊ कोतवाली प्रभारी छिबरामऊ राज्य प्रभारी रमेश बघेल करो योग रहो निरोग नगर पालिका अध्यक्ष छिबरामऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर मोहन सिंह यादव योगेंद्र सिंह यादव सभी लेखपाल अमीन तहसील स्टाफ सभी योग साधक सीमा यादव रिंकी अंबिका यादव अनुभव यादव श्वेता दुबे उमा मिश्रा कमलेश गुप्ता क्षमा गुप्ता बबली विजयलक्ष्मी सतीश शर्मा सर्वेश शाक्य रंजीत राठौर निर्भय दुबे जितेंद्र यादव रामनिवास यादव योगराज सिंह नरेंद्र सिंह संदीप गुप्ता सुभाष फौजी भारत सिंह वर्मा आसाराम डॉक्टर सीपी सिंह सुधीर सविता गोल्डन यादव परशुराम शाक्य राजेंद्र शर्मा बलवीर सिंह यादव मौजूद रहे।

# इस्माईलपुर बारात घर परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बहाया पसीना

समधन, समृद्धि न्यूज़



**शुक्रवार को** 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कस्बा समधन के मोहल्ला शांति नगर इस्माईलपुर बारात घर में वने, बेस्ट,टू वंडर पार्क में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया योगा कार्यक्रम में बहाया पसीना जिसमें योग गुरु के रूप में लिपिक जिलेदार सिंह की उपस्थित में जनप्रतिनिधियों, सभासदों, स्वच्छ सार्थी क्लब के सदस्यों , स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन निगरानी समिति कार्यालय कर्मी एवं सफाई मित्रों द्वारा योगाभ्यास एवं जीरो बेस्ट इवेंट का भी आयोजन किया गया। अंत में सभी के द्वारा बेस्ट टू वंडर पार्क भी देखा गया तथा लिपिक द्वारा कहा गया कि योग करने से शारीरिक एवं मानसिक इंद्रियों विकास होता है। इस मौके पर सभासद इदरीश, सरफराज, निगरानी समिति सदस्य मो0 कलीम, मो0 नईम नजीबुल, राशिद व नगर पंचायत कार्यालय कर्मी विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, मो0 हनीफ अली, बकार हुसैन, आनन्द कुमार, राहुल यादव, प्रशांत के अलावा सफाई नायक नरेश चंद्र, सुनील कुमार, दीपू , रावेन्द्र, करन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# योग शिविरों के जरिए लोगों ने सीखे स्वस्थ रहने के गुर

- अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जगह-जगह आयोजित हुए योग शिविर

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



**अर्न्तराष्ट्रीय योग** दिवस पर शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, सीएचसी तिर्वा, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, उमर्दा विकास खण्ड कार्यालय, डीएन इंटर कॉलेज, पॉलिटेनिक कॉलेज के अलावा कई सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रतिभाग कर स्वस्थ रहने के टिप्स सीखे। राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित योग शिविर की शुरूआ प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने दीप पृज्जवलन कर की। इस दौरान उन्होने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सभी को प्रतिदिन योगाभ्यास व व्यायाम करना चाहिए। सुबह व शाम दोनो समय में योग व व्यायाम करने वाले लोगों का तन व मन स्वस्थ रहता है। इसी प्रकार से डीएन इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित योग शिविर में दर्जनों लोगों ने प्रतिभाग किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी प्रधानाचार्य के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। सीएचसी परिसर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजन शर्मा के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। ब्लाक परिसर मे ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा के नेतृत्व में शिविर का आयोजन हुआ।

## एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत दिया जाएगा प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना÷ आरम्भ की है। इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों को इत्र उत्पाद तथा अगरबत्ती एवं धूपबत्ती उत्पाद ट्रेड का 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने बताया कि उक्त योजना की वेबसाइट एम.एस.एम.ई. डॉट यूपी डॉट जी.ओ.वी. डॉट इन पर ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर आवेदकों का साक्षात्कार 24 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सभागार में सम्पन्न किया जायेगा।

# स्वच्छ सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

समधन, समृद्धि न्यूज़



शुक्रवार को नगर पंचायत समधन कार्यालय द्वारा स्वच्छ सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें वार्ड सदस्यों, स्वच्छ वातावरण निगरानी समिति के सदस्यों एवं स्वच्छ सार्थी क्लब व सफाई मित्र कार्यक्रम में उपस्थित हुए वरिष्ठ लिपिक जिलेदार सिंह द्वारा सभी समिति के अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग आदि सफाई से संबंधित सराहनीय कार्य करने पर सभी को फूल मालाओं से स्वागत किया एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया वरिष्ठ लिपिक द्वारा सभी कर्मचारियों से कहा गया कि जो भी कार्य किया जा रहे हैं वह बहुत ही सराहनीय कार्य हैं वर्तमान समय में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का कार्य चल रहा है इसमें आप लोग इसी प्रकार का सहयोग करते रहें। इस मौके पर वार्ड सदस्य इदरीश, सरफराज, निगरानी समिति मो0 नईम, कलीम, राशिद, स्वच्छ सार्थी क्लब हाफिज जमाल, सफाई मित्र दीपू, रावेद्र ,करन सिंह, एवं सफाई नायक सुनील कुमार नरेश चंद्र आदि को सम्मानित किया गया इस मौके पर कार्यालय के विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अली,बकार हुसैन,रियाज़ अहमद आदि मौजूद रहे।

# सरकारी व अर्द्ध सरकारी संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कराया योगाभ्यास

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



जिला कारागार में योगाभ्यास करते स्टाफ़ व बंदी — समृद्धि न्यूज़

**योग करने** से शरीर में स्फूर्ति रहती है। योग मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। योग को अपनी दिनचर्या में जोड़कर प्रतिदिन योग करना चाहिए। जिससे स्वस्थ रहने के साथ-साथ नई ऊर्जा के अनुभूति होती है। यह बात महाविद्यालय के उपनिदेशक डॉ रजनीकांत ने कही।

शुक्रवार को गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक, शिक्षकाओं व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें योगाचार्य ने सभी को योग करने के तौर तरीके बताते हुए योगाभ्यास कराया। इस दौरान प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति ने कहा कि योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है। चिंता, तनाव और अवसाद पर काबू पाने के लिए योग मन को शांत रखता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पल्लवी के नेतृत्व में स्टाल लगाकर शरवत वितरण किया। इसीक्रम में जिला कारागार कन्नौज में जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी के नेतृत्व में समस्त स्टाफ़ व बंदियों को योगाभ्यास कराया गया। इसी तरह डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य ने समस्त शिक्षक, शिक्षकाओं और छात्र- छात्राओं को योगाभ्यास कराया। और योग से होने बाले फायदे बताएं।

# परारी जलाने से मक्के के खेत में पहुंची आग

**छिबरामऊ कन्नौज।** ग्राम कपूरपुर निवासी किसान ने अपने खेत के बगल में स्थित खेत में फेरारी जलाने के कारण खेत में खड़ी मक्का जलकर हुई राख। ग्राम कपूरपुर निवासी वसीम खान पुत्र कबीर ने प्रभारी निरीक्षक संबोधित लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया जिसमें कहा गया कि हमारे खेत के पास मदारपुर के निवासी सेवाराम पुत्र छब्बू मैं अपने खेत में परारी जलाई जिससे हमारे मकई के खेत में आग फैल गई फसल जलकर राख हो गई दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी करवाई की जाने की मांग की समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।


## कार्यालय ग्रा0पं0 अलीगढ़ मोहद्दी नगर वि0ख0 राजेपुर

पत्रांक:01/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 21/06/2024

### निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/ मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलीगढ़ मोहद्दी नगर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 22/06/2024 से दिनांक 28/06/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 28/06/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | उचित दर की दुकान व जनसेवा केंद्र के सामने इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.26 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रेमपाल के मकान से छुन्ना के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | शहीद स्मारक से मुन्ना के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.31 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | सीसी रोड से रामदास यादव के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.87 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | सीसी रोड से सतीश यादव के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.98 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | आर.आर.सी. केंद्र की वाउन्ड्री वाल, गेट व मिट्टी भराव कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(युसुफ खान) ग्राम पंचायत अधिकारी (शिव सिंह)
ग्राम पंचायत अलीगढ़ मोहद्दी नगर , राजेपुर

# योग की शुरुआत भारत ने विश्व स्तर पर की: सांसद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दसवां अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस जिला प्रशासन द्वारा ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में मनाया गया। जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर योग का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि भारत विश्व का योग गुरु है, क्योंकि योग की शुरुआत भारत ने विश्व स्तर पर की है। आज 94 देशों में योग कराया जा रहा है। योग प्रशिक्षक अंकुर दुबे, योग मण्डल शिवानी, प्रकृति, अवनी ने पतंजलि योग दर्शन के अष्टांग योग के विभिन्न आयामों के योग कराए। गर्दन घुमाने का सूक्ष्म आसन, कोहनी को घुमाने का सूक्ष्म व्यायाम, वृक्षासन, चंद्रासन, कोडासन, बटर फ्लाई, मधुमेह के लिए बज्रासन, उत्तनपाद, मंडूक आसन, शशांक आसन सीधा लेटकर सीधा आसन, मकर आसन, भुजंग आसन, शवासन, मुक्त आसन, कपालभांति, ध्यान की मुद्रा, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के अलावा अन्त में वंदे मातरम् गीत के साथ योगा का समापन हुआ। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, राजेश कुमार निदेशक कानपुर उद्योग मंडल नोडल अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिलाधिकारी वी0के0 सिंह, सीडीओ अरविन्द मिश्रा,अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, एसडीएम, पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, बीएसए, डीआईओएस, यूनानी अधिकारी, समाजसेवी संजय गर्ग सहित करीब 5400 अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


योग करते जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी आदि



योग का अभ्यास कराते योग गुरु राकेश द्विवेदी

वहीं दूसरी ओर 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मधुर मिलन सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 हरिदत्त द्विवेदी ने मां बागीश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके पश्चात योग दिवस पर आयुष मंत्रालय के प्रोटोकाल का प्रारम्भ योग गुरु जिला प्रभारी राकेश द्विवेदी ने कराया। जिसमें प्रियंका गुलाटी ने सहयोग किया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के युवा प्रभारी मुन्नालाल यादव ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला महिला प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने सभी महिलाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन राजगौरव पाण्डेय ने किया। इस मौके पर महेशचंद्र गुप्ता, नारायण देव, बृजेश गंगवार, चंद्रप्रकाश शर्मा, चंद्रप्रकाश बाथम, लल्ला बाबू दुबे ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में अंजली यादव, राधा शुक्ला, पुष्पा चौहान, पूनम मौर्या, चित्रा चौरसिया, शकुंतला, आदित्य, नीलम शाक्य, माया वर्मा, मधु अग्निहोत्री, निर्दोष शुक्ला, सुमन चौहान, रविंद्र भदौरिया, विवेक यादव, अजय कुमार, विशाल पाठक, दलपत सिंह राठौर, सर्वेश श्रीवास्तव, रामऔतार गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, विजय गुप्ता, विपिन आदि मौजूद रहे।

# चार घंटे फांसी के फंदे पर झूलते रही लाश, सीमा विवाद में उलझी रही खाकी

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**मृतक की** लाश पेड़ पर चार घंटे फांसी के फंदे पर झूलती रही। उधर पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। चार घंटे तक पुलिस ने इस बात की जाँच करने का प्रयास नहीं किया की आखिर वृद्ध कौन है और क्यों फांसी लगायी, बल्कि जाँच इस बात की होती रही की कैसे भी घटनास्थल दूसरे थाना क्षेत्र में होना साबित किया जाये। मजे की बात तो यह है कि मामले की सूचना आलाधिकारियों को भी नहीं दी गयी। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाही शुरू की। शव की शिनाख्त नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के अमेठी कोहना दुर्वासा ऋषि आश्रम के पीछे ग्रामीण शिवाजी के खेत में एक बेरी के पेड़ पर वृद्ध का शव गमछे और रबड़ की रस्सी से झूलता हुआ चरवाहों ने देखा। मामला सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच का है। पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी। थाना कादरीगेट पुलिस ने दावा किया कि घटनास्थल उनके थाने की सीमा में नहीं है। वहीं घटना स्थल थाना कादरी गेट और राजेपुर क्षेत्र की सीमा पर होने के कारण विवाद का पेंच फंस गया। इस विवाद में शव लगभग 4 घंटे पेड़ पर भीषण गर्मी में झूलता रहा। जिसके बाद मामला अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह के संज्ञान में आने पर पुलिस हरकत में आयी। सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय, थानाध्यक्ष राजेपुर रणविजय सिंह., थानाध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पाण्डेय, फिल्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर उसकी तलाशी ली।


मौके पर मौजूद पुलिस समृद्धि न्यूज

### शव की जेब में निकला सुसाइड नोट

पुलिस ने शव की तलाशी ली। जानकारी के मुताबिक शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमे कुछ लोगों के नाम भी लिखे हैं। जिसकी वजह से आत्महत्या करना दर्शाया गया है। फिलहाल पुलिस न सुसाइड नोट को गुप्त कर दिया।

# बेकाबू ट्रक ने ली युवक की जान


पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सड़क के** किनारे खड़े युवक की ट्रक से कुचलकर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के थाना कांठ धारादुहिया मजरा सिसौली निवासी 25 वर्षीय प्रभाकर उर्फ रजनेश पुत्र शिवपाल चेन्नई में गोलगप्पे बेचने का काम करता था। सुबह वह चेन्नई से आकर टेंपो से घर जा रहा था, तभी पांचाल घाट चौकी के लगभग 100 कदम दूर टेम्पों से उतरकर सामान खरीदने लगा। उसी दौरान शाहजहाँपुर की तरफ से आ रहे ट्रक नें उसे कुचल दिया। उसके ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ट्रक को थाने में खड़ा करा दिया। मृतक की शादी 23 नवम्बर 2023 को रूबी निवासी गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर से हुई थी। मृतक चार भाईयों में तीसरे नम्बर का था। मां सुशीला तथा भाई सुरजीत, रणजीत, प्रशांत आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ससुरालीजनों की पिटाई से युवक की मौत


पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पत्नी से** विवाद होने पर पति की ससुरालीजनों ने पिटाई कर दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। ससुरालीजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार सुरजीत उर्फ लालू पुत्र रमेश चंद्र उम्र 24 साल निवासी अंबेडकर कॉलोनी कोतवाली फतेहगढ़ की बीती 18 अप्रैल 2024 को शादी हुई थी। आठ दिन पहले पहले पत्नी सिया अपने घर कुसमापुर थाना राजेपुर आयी थी। जहां शुक्रवार को पति उसे बुलाने के लिए किराये की गाड़ी लेकर पहुंचा, तभी पत्नी सिया से किसी बात को लेकर सुरजीत का विवाद हो गया। जिस पर ससुरालीजनों ने सुरजीत की जमकर पिटाई कर दी। जिससे सुरजीत गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल को ससुरालीजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां मीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

# जिलाधिकारी ने की 85 योजनाओं की समीक्षा


बैठक लेते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 85 योजनाओं की समीक्षा की गई। जिनमें 09 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है। जिसमें 73 निर्माणाधीन हैं। 01 की शुरुआत नहीं हुई व 02 बाधित हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। समीक्षा बैठक में उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ का कार्य सबसे खराब पाया गया। बैठक में राज्य सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर अनुपस्थिति रहे। जिस कारण उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया। यू0पी0आर0 एन0एस0एस0 का कोई भी प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। प्रोजेक्ट मैनेजर का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब**

### कब्जा हटवाने गयी राजस्व टीम से की अभद्रता, मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** तालाब की जमीन से कब्जा हटवाने गयी राजस्व टीम के साथ आरोपित ने अभद्रता कर दी। लेखपाल की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया। गांव पहाड़पुर निवासी वेदपाल तालाब के नाम पर दर्ज जमीन पर कई सालों से झोपड़ी आदि डालकर अवैध कब्जा किए हुए हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर गुरूवार दोपहर नायब तहसीलदार व हल्का लेखपाल विनीता चौहान राजस्व टीम के साथ जमीन का कब्जा हटवाने मौके पर पहुंच गए। उसी समय वेदपाल ने राजस्व टीम के साथ अभद्रता कर दी। राजस्व टीम बिना कब्जा हटवाए ही वहां से वापस लौट गयी। हल्का लेखपाल विनीता चौहान ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा और जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## खबरें चलते-चलते

### गोवर्धन पर्वत की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के भारतदास बाबा के स्थान पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया। जिसमें छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की छठी मनाई गयीं तथा गोवर्धन पूजा का मार्मिक प्रसंग कथाव्यास अतुल तिवारी के मुखारविंद से सुनाया गया। कथा व्यास अतुल तिवारी महाराज ने कहा कि एक बार इंद्रदेव को अभिमान हो गया तब लीलाधारी श्रीकृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन श्री कृष्ण ने देखा कि सभी ब्रजवासी तरह-तरह के पकवान बना रहे हैं पूजा का मंडप सजाया जा रहा है और सभी लोग प्रातःकाल से ही पूजन की सामिग्री एकत्रित करने में व्यस्त हैं। तब श्री कृष्ण ने यशोदाजी से पूछा मईया ये सभी लोग किसके पूजन की तैयारी कर रहे हैं। इस पर मईया यशोदा ने कहा कि पुत्र सभी ब्रजवासी इंद्र देव के पूजन की तैयारी कर रहे हैं। तब कन्हैया ने कहा कि सभी लोग इंद्रदेव की पूजा क्यों कर रहे हैं, तो माता यशोदा उन्हें बताते हुए कहती हैं, क्योंकि इंद्रदेव वर्षा करते हैं और जिससे अन्न की पैदावार अच्छी होती है और हमारी गायों को चारा प्राप्त होता है। तब श्री कृष्ण ने कहा कि वर्षा करना तो इंद्रदेव का कर्तव्य है। यदि पूजा करनी है तो हमें गोवर्धन पर्वत की करनी चाहिए, क्योंकि हमारी गायें तो वहीं चरती हैं और हमें फल-फूल, सब्जियां आदि भी गोवर्धन पर्वत से प्राप्त होती हैं। इसके बाद सभी ब्रजवासी इंद्रदेव की बजाए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। इस बात को देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और क्रोध में आकर प्रलयदायक मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। जिससे हर ओर त्राहि-त्राहि होने लगी। सभी अपने परिवार और पशुओं को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तब ब्रजवासी कहने लगे कि यह सब कृष्णा की बात मानने का कारण हुआ है। अब हमें इंद्रदेव का कोप सहना पड़ेगा। भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव का अंहकार दूर करने और सभी ब्रजवासियों की रक्षा करने हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया। तब सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। इसके बाद इंद्रदेव को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की। इसी के बाद से गोवर्धन पर्वत के पूजन की परंपरा आरंभ हुई।

### एफ0एस0डी0ए0 ने छापा मारकर भरे तीन नमूने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एफ0एस0डी0ए0 ने छापा मारकर तीन प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रह किये। जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। जानकारी के अनुसार आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम व खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगणों डॉ0 शैलेंद्र रावत एवं आशीष कुमार वर्मा ने छापा मारकर इटावा-बरेली हाईवे नरायनपुर स्थित अजीत अवस्थी के खाद्य प्रतिष्ठान राजभोग रेस्टोरेंट से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। बघार तिराहा जहानगंज रोड स्थित अमित कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान अमित पकौड़े वाले से खाद्य पदार्थ मैदा का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। बेवर रोड भोलेपुर स्थित सलामुद्दीन के खाद्य प्रतिष्ठान न्यू इंडिया किराना एण्ड जनरल स्टोर से खाद्य पदार्थ कार्वोनेटेड वॉटर (कैच जीरा डाइजेस्टिव) पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया।

### दावत खाने गए मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक के साथ कुकर्म

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दावत खाने गए मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक के साथ दो युवकों ने कुकर्म किया। शिकायत करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने दो दिन बाद थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दी तहरीर में बताया कि उसका 20 वर्षीय पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है। दो दिन पूर्व गांव में ही तिलक समारोह में दावत खाने गया था। रात लगभग 11 बजे गांव का ही एक युवक उसे बहला फुसलाकर बेटे को अपने साथ एक बुजुर्ग व्यक्ति के घर ले गया। बुजुर्ग अपने घर के दरवाजे पर सो रहे थे। अन्य स्वजन तिलक समारोह में गए थे। घर के अंदर एक युवक पहले से ही मौजूद था। दोनों युवकों ने बेटे के साथ मारपीट कर कुकर्म किया। शिकायत करने पर दोनों युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। बेटे ने घर पहुंचकर रोते हुए मामले की जानकारी स्वजनों को दी। पीड़ित पिता ने दो दिन बाद थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हल्का इंचार्ज दारोगा शिव बहादुर सिंह ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नदी वीरपुर निवासी अभिषेक पुत्र भजन लाल अपनी पत्नी करिश्मा के साथ अपनी ससुराल शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला गोदाम में जा रही थी, तभी नवाबगंज रोड पर डभौआ पुलिया के सामने मंझना की तरफसे आ रही हूटर लगी कार संख्या यूपी 82एए0765 ने दंपति की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपति उछलकर बाइक सहित दूर जा गिरे। इस घटना में दंपति के पैर टूट गये। गंभीर अवस्था में दोनों घायलों को थाना पुलिस ने सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया और कार चालक सहित कार को अपने कब्जे में लिय। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रफर कर दिया।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जाति सूचक गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नेकपुर कलां निवासी भंवर सिंह पुत्र स्व0 रक्षपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने चचेरे भाई राजन पुत्र रामपाल, भतीजा रितिक पुत्र फिरोज के साथ रात्रि 9:30 बजे मसेनी चौराहा पर ठेली चाट फिंगर, मोमोज, चिप्स खाने गये थे। वहां पहले से मौजूद अंकित व प्रिंस निवासी मसेनी, सत्यम पुत्र बुद्ध निवासी नेकपुर कलां, आयुष पुत्र जितेन्द्र निवासी मसेनी, बसंत पुत्र मनोज निवासी मसेनी जाति सूचक गाली-गलौज करने लगे। जब गाली-गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडों व सरियों से हमला कर दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गये।

# संचारी रोगों के संबंध में बीडीओ ने ली बैठक


बैठक लेते खण्ड विकास अधिकारी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विकास खंड कार्यालय पर बीडीओ सुनील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संचारी रोगों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिये गये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संचारी रोगों के बारे में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम विकास विभाग आदि कई विभागों ने बैठक में भाग लिया। वहीं विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने गांव में सफाई, लार्वा मारने के लिए डीडीटी का छिड़काव,तथा सफाई व्यवस्था, नालियों की साफ-सफाई के अलावा लोगों को समय से टीकाकरण आदि के बारे में जनता से जानकारी की गई। साथ ही लोगों को बताया गया कि वह हर हाल में गांव की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखें। जिससे कि लोगों को होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग से रिजवाना, सैफ शिक्षा विभाग से मूवीस अहमद, पंकज यादव, सुशील बाबू तथा कई विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्यायालय ने ग्राम प्रधान पद पर पुर्नमतगणना का दिया आदेश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय का फैसला आते ही ग्राम पंचायत की पुर्नमतगणना के लिए अधिकारी सक्रिय हो गये। विकासखंड अधिकारी ने बैठक कर अधीनस्थों को दिए निर्देश। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्योनी में ग्राम प्रधान बबलू कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रमोद कुमार से कुछ वोटों से जीत हासिल की थी, तभी से लगातार प्रमोद कुमार बबलू के ऊपर धांधली से चुनाव जीतने का आरोप लगाते रहे और उन्होंने न्यायालय में रिट याचिका दाखिल कर दी। न्यायालय ने याची प्रमोद कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए पुर्नमतगणना का आदेश जारी कर दिया है। मतगणना के आदेश के मुताबिक एसडीम कायमगंज कार्यालय पर न्यायालय के आदेशानुसार 28 जून की तारीख निर्धारित की गई। जिस पर एसडीम कायमगंज ने विकास खंड अधिकारी को पत्र भेजकर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है। जिस पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने कार्यालय पर अधीनस्थों की बैठक बुलाई तथा विचार विमर्श किया और 28 जून को होने वाली पुर्नमतगणना के लिए अधीनस्थों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# निरोग रहने के लिए सभी ने किया योग


नगर पंचायत कार्यालय पर योग करते अधिकारी व कर्मचारी समृद्धि न्यूज



योगाभ्यास करते एनसीसी कैडेट्स समृद्धि न्यूज

नवाबगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**नगर पंचायत** कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी ने योगाभ्यास किया। इस दौरान सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत तथा अधिशासी अधिकारी ने शासनादेश के अनुसार दसवें योग दिवस के मौके पर योग किया उनके साथ ही साथ कर्मचारियों ने भी योग किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया की योग करने से तन, मन दोनों निरोग रहते हैं। इसलिए मनुष्य को रोजाना योग करना चाहिए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष अनिल राजपूत, अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार, वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अलका राजपूत सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार कम्पिल रोड स्थित शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में 4 यू0पी0 गर्ल्स बटालियन एन0सी0सी0 हवलदार अमरजीत सिंह एवं एन0सी0सी0 अधिकारी ले0 शिल्की मिश्रा ने सभी को योगा करवाया और उनसे होने वाले लाभों से अवगत कराया। जिसमें अनुलोम विलोम, कपालभांति, चक्रासन, त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, तड़ासन आदि योग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि योग करने से शरीर निरोगी रहता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल व प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ममता सिंह, सन्तोष शर्मा, मनीष गौड़, राकेश यादव, विकास श्रीवास्तव, मनीष राजपू, शशांक शुक्ला, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, विजय कुमार, पवन शाक्य, अक्षिता यादव, तान्या गंगवार, रीना, शायना खान, मनोज कुमार, प्रियांशी सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाया गया योग दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


आर्मी स्कूल में योगाभ्यास करते शिक्षक व छात्र — समृद्धि न्यूज

**आर्मी पब्लिक** स्कूल फतेहगढ़ में दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मन्त्र और योग शास्त्र के प्रणेता महर्षि पतञ्जलि की योग प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षक सर्वेश कुमार मिश्र ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र को सम्बोधित करते हुए विश्व समुदाय से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का आवाह्न किया। उनके आवाह्न पर 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 177 देशों ने इसका समर्थन करते हुए 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के लिये अनुमोदन किया, तभी से प्रति वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। शिक्षक सर्वेश कुमार मिश्र ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। इसके बाद अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अभ्यास क्रम के अनुसार सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन तथा प्रणव, भ्रस्तिका, कपालभाति आदि प्राणायामों का अपने कुशल निर्देशन में अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया।

शिक्षक डा0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने सभी आगन्तुक योगोपासकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति इन मुख्य पांच चित्तवृत्तियों पर नियन्त्रण करना ही योग है। योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। इसी अष्टांग योग के द्वारा ही हम अपनी इन्द्रियों को वश में करके शारीरिक स्वस्थता के साथ जीवन को सार्थक बना सकते हैं। सभी योग साधकों द्वारा सम्पूर्ण विश्व में और अपने आस-पास प्रेम, सौहार्द, एकात्मता एवं शान्तिपूर्ण वातावरण बनाने के लिए संकल्प लिया। सत्र का समापन समस्त विश्व के जनकल्याण, सुख और नीरोगी जीवन की कामना से युक्त शान्ति पाठ के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडिट्स के साथ विद्यालय परिवार के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी: विकास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


टाउन हाल पार्क में योगाभ्यास करते भाजपा नेता

**10वां अन्तर्राष्ट्रीय** योग दिवस टाउन हाल स्थित पार्क में मनाया गया। जीवन में योग के लाभ और महत्व को देखते हुए इसे दुनियाभर में अहमियत दी गई। विश्व योग दिवस पर टाउन हॉल पार्क में भाजपा नगर पश्चिम के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष विकास पाण्डेय के साथ योगाभ्यास कर लोगों से नियमित योग करने का आवाह्न किया। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार ने कहा कि सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए दुनियाभर के लोगों को योग के प्रति जागरुक करने के लिए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस मनाए जाने की पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी और इसकी शुरुआत भारत से हुई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने बताया कि इस साल 2024 में योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग है, जोकि महिलाओं पर आधारित है। इस अवसर पर अभिषेक बाथम, प्रीती तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, रामकिशोर सैनी, मृत्युजंय पाठक, राकेश बाथम, रामकिशन दीक्षित, आदर्श मिश्रा, प्रदीप सक्सेना, श्याम राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर सेनापति में योग दिवस का हुआ आयोजन


योग दिवस पर प्रबंधक के तिलक लगाता छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारम्भ विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष शिव विलास त्रिवेदी व प्रबंधक संजीव सिंह चौहान एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने योग के जनक महर्षि पतन्जलि के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया। योग शिक्षक के रुप में कृष्ण कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं आचार्यों को खड़े होकर आसन, बैठकर किए जाने वाले आसन, पेट के बल किये जाने वाले आसन, पीठ के बल किये जाने वाले आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के द्वारा सभी को योग कराया। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश शुक्ला ने एवं अतिथि परिचय प्रदीप अवस्थी ने कराया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने योग के जनक महार्षि पतञ्चालि के जीवन आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। योगाचार्य स्वामी रामदेव के देश हित में किये जा रहे कार्यों को बताया। उन्होंने बताया कि हमें अपने देश अर्थात स्वदेशी वस्तुओं का ही प्रयोग करना चाहिए। राष्ट्र प्रथम की भावना सभी देशवासियों को अपनी जीवन में लानी चाहिए। विभिन्न प्रकार की बोधकथाओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आचार्यों के अन्दर देशभक्ति की भावना जागृत की। प्रबन्धक संजीव सिंह चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रामानन्द पाण्डेय, वीरेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, शिवयादव, संजीव, गोविन्द, शिवमोहन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### यदुनंदन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनाया योगोत्सव


योगाभ्यास करते छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में एन0एस0एस0 इकाई द्वारा योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चयनित ग्राम सेवराई बैरियर में किया गया। योगोत्सव कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव शुक्ला, विवेक अवस्थी, मयंक, ग्राम प्रधान बृजरानी तथा अन्य ग्राम वासियों उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा तथा संजीव शुक्ला ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगाभ्यास कराए तथा योग के लाभों को बताया। उन्होंने कहा कि योग वास्तव में एक वैज्ञानिक जीवन शैली है। जिसका हमारे जीवन के प्रत्येक पक्ष पर गहराई से प्रभाव पड़ता है। योग एक सुव्यवस्थित वैज्ञानिक जीवन शैली के रूप में प्रमाणित हो चुका है। व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए, रोगों के उपचार हेतु, अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने, तनाव प्रबंधन, मनोदैहिक रोगों के उपचार में योग पद्धति को अपनाते हुए देखे जा रहे हैं। योग वर्तमान जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। वास्तव में योग का अनेक क्षेत्रों में विशेष महत्व है। आज विश्व के अनेकों देश हमारे योग संस्कृति की महत्ता को स्वीकार कर स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को अपना रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ योग शिविर के उपरांत सभी ने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की शपथ ली।

### भाविप शाखाओं द्वारा मिलकर किया गया योगाभ्यास



कार्यक्रम में योग गुरु को सम्मानित करते पदाधिकारी

> पदाधिकारियों ने शेखर शर्मा व अतुल रस्तोगी को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की शाखाओं ने मिलकर एक गेस्ट हाउस में विशेष योग शिविर का आयोजन किया। योग संचालक शेखर शर्मा एवं अतुल रस्तोगी ने उपस्थित सभी सदस्यों को योग से होने वाले फायदे बताये एवं योग योगासन करवाया। डॉक्टर केएम सचदेवा ने योग दिवस कार्यक्रम करने के लिए उत्साहवर्धन किया। केके पाठक ने योगाचार्य शेखर शर्मा एवं अतुल रस्तोगी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। संचालन फतेहगढ़ शाखाध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह एवं शिवम गुप्ता ने किया। किशन वर्मा एवं संदीप शुक्ला, गोविंदा ने व्यवस्था संभाली। देवेंद्र श्रीवास्तव एवम अनिल सक्सेना ने सभी सदस्यों के बैठने का प्रबंध किया। कार्यक्रम में लगभग 50 सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर अनीता पाठक, रीता दुबे, अतुल वर्मा, आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पांचाल घाट गंगा तट पर समिति द्वारा हुआ योगाभ्यास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


गंगा तट पर योगाभ्यास करते समिति के लोग — समृद्धि न्यूज

**गंगा समिति** के तत्वाधान में पतित पावनी मां गंगा के घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षकों के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी तरह हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग की आवश्यकता होती है। प्रभागीय निदेशक वन विभाग राम सुरेश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति अपने कार्य में बहुत ही व्यस्त रहता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति यदि योग करेगा तो वह निश्चित ही हर बीमारी से दूर रहेगा। योग करने से हम हर परिस्थिति में शांत रहना व अपने कार्य पर ध्यान एकत्रित करना सीखते हैं। ग्राम विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक कपिल कुमार ने कहा कि हम सभी को प्रतिदिन योग अभ्यास करना चाहिए। डीसी मनरेगा रणजीत सिंह ने कहा कि योग सिर्फ क्रियाएं नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन को संतुलित बनाना सीखाता है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि योग एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। योग प्रशिक्षक प्रदीप नारायण शुक्ल एवं शालिनी सक्सेना ने विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास सीखाये एवं स्वस्थ रहने के उपाय बताएं। इस अवसर पर जिला गंगा समिति के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिकारीगण, साहित्यकार, डॉक्टर, वन विभाग, गंगा योद्धाओं की टीम, अध्यापकगण आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# करो योग, रहो निरोग: योगगुरु आकाश पाल


विद्यालय में योग करते बच्चे व अन्य — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कराया। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग गुरु आकाश पाल ने बताया कि भारत में योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा प्राचीन काल से ही अपनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने योग अपनाओ, रोगों को दूर भगाओ, करो योग, रहो निरोग आदि लोगन के सहारे योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जयवीर, आशा, उमा, सत्यवती, लक्ष्मण आदि ने योग सीखा। सुबह से ही पहुंचकर विद्यालय में शिक्षकों ने बच्चों के साथ योगाभ्यास किया और उसके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

# स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के साथ योगाभ्यास कर दिया गया संदेश


विद्यालय में योग करते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा शिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में मनाया गया। स्वस्थ तन और स्वस्थ मन का संदेश देते हुए जिला संयोजक भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मान्यता मिली। योग करने से शरीर व मन पूरी तरह से स्वस्थ्य रहता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा योग को विषय के रुप में शामिल कर लिया गया है। अब बच्चों को विद्यालय में बचपन से योग की शिक्षा और उसके महत्व की जानकारियां मिलेगी। इस अवसर पर अनिल कश्यप, विकास पाण्डेय, राजेश निराला, रामकिशोर मिश्रा, अवनीश कुमार, चन्द्रपाल, सतेन्द्र सिंह, प्रमोद मिश्रा, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, संदीप कुमार, यशपाल यादव के अलावा छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# योग दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित कालीचरण योगा प्रतियोगिता सम्पन्न

> योग करने से शरीर में ताजगी रहती है: डॉ0 संदीप शर्मा
>
> अपनी आंतरिक शक्ति को उजागर करें: हर्ष दुबे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


योगाभ्यास करते युवा महोत्सव समिति के पदाधिकारी

**अन्तरराष्ट्रीय** योग दिवस पर फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित कालीचरण राष्ट्रीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फर्रुखाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, मैनपुरी, मथुरा, गाजियाबाद, दिल्ली, सिंगरौली मध्य प्रदेश, झांसी, शाहजहांपुर, गोरखपुर से प्रतिभागियों ने योग मे भाग लिया। अनु सिंह, अंशु, अपूर्वा, दिशा, रागिनी, संजीव गंगवार, गुनगुन गोस्वामी, निधि तिवारी, इशिका, प्रतीक गंगवार, डॉ0 बी0के0 निरंजन, डॉ0 रुचि अंबेडकर, समृद्धि त्रिपाठी, सूर्यांश, अपेक्षा, नेहा, सुधा सचान, जूली, हर्ष दुबे, योगेन्द्र यादव ने योगासान का प्रदर्शन किया। समिति के अध्यक्ष डॉ0 संदीप शर्मा ने कहा कि योगा करने से शरीर में ताजगी रहती है। उन्होने बताया कि सभी प्रतिभागियों को 30 अगस्त को सम्मान पत्र प्रदान किये जायेंगे। वहीं योग दिवस पर मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे ने बताया कि योग एक ऐसा साधन है जो पूर्ण रूप से प्राकृतिक और स्वास्थ्य है। योग को करने से मानसिक, शारीरिक, भौतिक एवं सामाजिक परेशानियां भी दूर होती हैं, योग से बीमारियां भी निवारण होती है, जैसे हाइपरटेंशन, शुगर, अवसाद, घबराहट, मोटापा, लीवर एवं किडनी आदि बीमारियों से छुटकारा मिलता है। इसलिए हम सभी योग को अपनाए और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के साथ राष्ट्र को निर्माण करने में भागीदारी निवाहें।

# बन रहे टोल प्लाजा के विरोध में भाकियू नेता बैठे धरने पर

> अनिश्चित कालीन धरने में प्रदेश के भाकियू नेता 25 जून को लेंगे भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


धरने पर बैठे भाकियू नेता एवं महिलायें — समृद्धि न्यूज

**एनएचएआई** 730सी द्वारा जनपद में वाहिदपुर में गलत तरीके से बन रहे टोल प्लाजा के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट धरने पर बैठ गये है।

14 जून को भाकियू टिकैट के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने किसानों के पक्ष में आबादी क्षेत्र में बन रहे टोल प्लाजा का धरना देकर विरोध किया था। क्योंकि यह टोल प्लाजा मुरहास कन्हैया के समीप बनना था। वहीं बनाया जाये। एसडीएम सदर गजराज सिंह से वार्ताकार तीन दिवस के लिए धरने को स्थगित किया गया था। क्योंकि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का हरिद्वार में तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन हुआ था। हरिद्वार में प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराने के पश्चात धरना 21 जून शुक्रवार से अनिश्चितकालीन के लिए पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। इसके विरोध में भाकियू नेता विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। मण्डल अध्यक्ष सहित समस्त जिला एवं आगरा क्षेत्र के पदाधिकारी 25 जून को विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। किसानों ने बन रहे टोल प्लाजा के निर्माण स्थल का कब्जा कर लिया और झण्डा लगा दिया। उन्होंने कहा कि तय जगह पर ही जब तक नहीं बनेगा तब तक धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर विधिक सलाहकार अजय कटियार, सलाहकार समिति के अध्यक्ष विजय शाक्य, कृष्णकांत मिश्र, सुधीर कटियार, अभय यादव, अनीस सिंह, विजय कटियार, इंदर सिंह, कुलदीप सिंह, बृजकिशोर, नितिन, सुग्रीव, राकेश, सत्यवीर, नरेंद्र सिंह, मनोज कुमार व बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

# क्रेजी डांस अकादमी में बच्चों ने किया योगाभ्यास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


अकादमी में योगाभ्यास करते बच्चे

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस क्रेजी डांस अकादमी में बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। अकादमी के डायरेक्टर मोहम्मद रफी ने योग के माध्यम से शरीर की महत्वता पर प्रकाश डाला। छोटे-छोटे बच्चों ने अपना उत्साह दिखाया। उन्होंने कहा कि शारीरिक व मानसिक सेहत को योग बेहतर बनाता है। हर व्यक्ति को योग करना आवश्यक है। योग से विभिन्न बीमारियों से मुक्ति मिलती है। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है। बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया।

# योग शरीर को स्वस्थ्य बनाता है: प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


योगाभ्यास करती शिक्षिकायें व कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

**दशम अन्तर्राष्ट्रीय** योग दिवस पर मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी शिक्षिकाओं व कर्मचारी एवं छात्राओं ने योग किया। योग प्रशिक्षक अनीता सिंह ने योगाभ्यास कराया और योग से होने वाले विभिन्न फायदों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग से शरीर तनाव मुक्त रहता है। शारीरिक व मानसिक बीमारियां दूर रहती है। योग के साथ-साथ लोग अपने खान-पान का भी ध्यान रखे। कुछ बीमारियां खान-पान से भी उत्पन्न होती है। जिसे हम लोगों को ख्याल रखना चाहिए। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने कहा कि योग क्रिया शरीर को स्वस्थ्य बनाती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग को आधार बना लेना चाहिए। जिससे वह स्वस्थ्य रहे। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य कुसुमलता, पारुल जैन, मंजू, पूनम शुक्ला, दीप्ति वर्मा, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, विजय लक्ष्मी एवं प्रधान लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य, रमेश चन्द्र आदि कर्मचारी व विद्यालय की शिक्षिकाओं ने योग दिवस पर योगाभ्यास किया।

# योग दिवस के साथ एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


किला घाट पर योगाभ्यास करते एनसीसी अधिकारी व कैडेट्स — समृद्धि न्यूज

**कर्नल रोमिल** शर्मा के निर्देशन में राजपूत रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़ में एनसीसी के चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 34 का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के साथ समापन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैम्प कमांडेंट कर्नल रोमिल शर्मा द्वारा एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन कर दिया गया। कर्नल रोमिल शर्मा द्वारा ड्रिल इंस्ट्रक्टर नायक अजब सिंह तथा नायक कृष्ण कुमार को एवं उत्कृष्ट एनसीसी कैडेट्स को डांस में कैडेट वर्तिका, डिबेट में आशी यादव व श्रेया यादव, गॉर्ड ऑफ ऑनर में कैडेट देवांश मिश्रा, सचिन कुमार आदि एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया। कैंप कमांडेंट ने सभी एनसीसी कैडेट्स को हमेशा एकता और अनुशासन में रहने की बात कही गई। साथ ही जो भी कैंप में सिखाया गया है उसे हमेशा याद रखने के लिए कहा। कैम्प में दिए गए प्रशिक्षण वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, फायरिंग, सोशल सर्विस, नेशनल इंटीग्रेशन आदि के बारे में हमेशा याद रखने हेतु प्रेरित किया गया। किला घाट पर योग एक्टिविटी कराई गई। जिसमें समाप्ति के बाद उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को नियमित योग करने की बात कही। बताया कि योग करने से कई बीमारियों का अंत हो जाता है। मनुष्य हमेशा स्वस्थ रहता है। कैंप क्लोजिंग ऐड्रेस में सभी एनसीसी कैडेट्स अत्यंत प्रशन्न मुद्रा में दिखे। इस अवसर पर कैंप एडजुटेंट कैप्टन संदीप माधव, ट्रेनिंग अफसर लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, लेफ्टिनेंट पारुल मिश्रा, थर्ड अफसर अचल सिंह पाल, अमित दयाल, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, सूबेदार भीम सिंह, राजपूत रेजीमेंट सेंटर के ड्रिल इंस्ट्रक्टर नायक अजब सिंह तथा कृष्ण कुमार, सूबेदार सुरेश कुमार शर्मा, सूबेदार भीम सिंह, हवलदार रामवीर, बीएचएम संजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें व दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने पैट कमिंस

एजेंसी



**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में हैट्रिक लेकर एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है।

कमिंस टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सातवें और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, वहीं टी-20 विश्व कप 2024 में यह पहली हैट्रिक है। पैट कमिंस के पहले दो विकेट 18वें ओवर के पांचवें और छठे गेंद पर आए- दोनों ही विकेट हार्ड लेंथ गेंदों पर मिले। महमुदुल्लाह ने पहले कमिंस को पुल करने की कोशिश की, और गेंद को वापस स्टंप पर खेल दिया, इससे पहले महेदी हसन ने कमिंस की गेंद को सीधे डीप थर्ड पर तैनात फील्डर के हाथ में मार दिया। फिर उन्होंने अंतिम ओवर की शुरुआत में धीमी गेंद पर खतरनाक तौहीद हृदय को आउट किया। हृदय ने उन्हें कंधे के ऊपर से स्कूप करने की कोशिश की, लेकिन कमिंस ने उन्हें चकमा दे दिया, और बल्लेबाज ने शॉर्ट फाइन लेग पर आसान सा कैच फील्डर को दे दिया। इससे पहले केवल ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए हैट्रिक ली थी - वह भी बांग्लादेश के ही खिलाफ। ब्रेट ली ने 2007 में शाकिब अल हसन, मशरफे मुर्तजा और आलोक कपाली को आउट कर हैट्रिक पूरी की थी। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। बांग्लादेश ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 140 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 41 और तौहीद हृदोय ने 40 रन बनाए। इन दोनों के अलावा लिटन दास ने 16 और तस्कीन अहमद ने 13 रन बनाए।

# भारत-पाक सीमा पर जवानों ने योग कर पेश किया अद्भुत नजारा

**बीएसएफ के अफसर और जवानों ने बड़े उत्साह से लिया भाग**

एजेंसी



**जैसलमेर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का रंग दुनियाभर में दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को दुनियाभर में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस मौके पर बीएसएफ भी योग के रंग में रंगती नजर आई। लद्दाख से लेकर रेगिस्तान के सरहद तक जवानों ने योग किया गया।

राजस्थान से लगती भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ की सभी सीमा चौकियों पर हजारो बी.एस.एफ के जवान एक साथ योग किया। बीएसएफ के जवानों ने सरहद पर योग किया। सीमा सुरक्षा बल के जैसलमेर सेक्टर साउथ और 154 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने जैसलमेर के प्रसिद्ध सम सैंड ड्यून्स पर भव्य योग सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीएसएफ के अधिकारी और जवानों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। इस भव्य आयोजन में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जवानी तक, सभी ने मिलकर योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर योग किया, जिससे एकता और अनुशासन का अद्वितीय प्रदर्शन हुआ। सम सैंड ड्यून्स का प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण ने इस योग सत्र को और भी विशेष बना दिया। रेगिस्तान की खुली हवा और सुनहरे रेत के बीच योग का अभ्यास करना सभी प्रतिभागियों के लिए एक अद्वितीय अनुभव रहा। बीएसएफ के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जवानों, अधिकारियों तथा आम जनों के बीच योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। योग के नियमित अभ्यास से जवानों की शारीरिक शक्ति, मानसिक शांति और समग्र स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों ने योग दिवस के इस आयोजन में अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। योग के प्रति उनकी रुचि और प्रतिबद्धता ने इस कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया।इ बीएसएफ के जैसलमेर सेक्टर साउथ के डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा, ÷अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस भव्य आयोजन के माध्यम से हमने अपने जवानों, अधिकारियों तथा सीमा क्षेत्र में रहने वाले आम जनों के बीच योग के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। हम अपने सभी जवानों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# सैनिकों की क्षमता को सही दिशा देता है योग

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने योग दिवस पर सेना की 01 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास किए

**योग और ध्यान हमारी संस्कृति का हिस्सा**

समृद्धि न्यूज



**मथुरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को कहा कि योग, सैनिकों की आक्रामक क्षमता को सही दिशा देता है जिससे वे अनावश्यक आक्रामकता से बचते हैं, लेकिन जब भी जरूरत होती है तो देश की रक्षा के लिए आक्रामक रुख अख्तियार कर लेते हैं।

श्री सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तर प्रदेश के मथुरा में सेना की 01 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास करके 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 01 कोर लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, अग्निवीरों, परिवारों और बच्चों सहित 600 लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने इस दिन को राष्ट्र के लिए गर्व की बात बताया क्योंकि दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार कर रही है। इस वर्ष के योग दिवस की विषय वस्तु अपने और समाज के लिए योग पर श्री सिंह ने कहा कि योग और ध्यान प्राचीन भारतीय पद्धतियां हैं जो व्यक्ति को स्वयं, परिवार और समाज से जोड़ती है।

उन्होंने कहा, योग और ध्यान हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं जो हमेशा से सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की भावना पर चला है। हम सबके सुख और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं, हम विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। यही हमारी सभ्यता की विशेषता है। हम सभ्यताओं के टकराव के बजाय सहयोग में विश्वास करते हैं। सदियों पुरानी इस प्रथा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है।

उन्होंने कहा कि यह आक्रामक क्षमताओं का सदुपयोग करने में सहायता करता है जो देश की सुरक्षा करने वाले सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हर भारतीय सैनिक एक तरह से योगी है। हमारे सैनिकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का प्रमाण दुनिया कई बार देख चुकी है। न केवल सीमाओं पर, बल्कि राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान हमारे सैनिकों की सेवा उनके मजबूत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सबूत है। जिस तरह से वे प्रतिकूल परिस्थितियों में अनावश्यक आक्रामकता से बचते हैं और जब भी जरूरत होती है, देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए आक्रामक रूप से खड़े होते हैं।

### विश्व व मानवता को भारत की सबसे बड़ी सौगात है योग



**अहमदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अहमदाबाद के बोडकदेव स्थित गोटिला गार्डन में योगाभ्यास किया। समारोह में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने की शुरुआत की। मोदी ने अपने प्रस्ताव से भारत के प्राचीन विज्ञान योग से पूरे विश्व का परिचय कराया। इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि देश ने वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए ऐतिहासिक जनादेश मिलने के बाद मोदी जब पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में गए, तब उन्होंने 21 जून का दिन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रस्ताव के जरिए अपने देश के प्राचीन विज्ञान योग से पूरे विश्व का परिचय कराया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 170 से अधिक देश योग दिवस मनाने के लिए सहमत हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने पूरी दुनिया और मानवता को बहुत कुछ दिया है और योग इसमें सबसे बड़ा उपहार और वरदान है। मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए योग से बड़ा कोई विज्ञान नहीं है और योग हमारे मन के भीतर अपार ऊर्जा के सागर में गोता लगाने का एकमात्र साधन है। मन की ऊर्जा को आत्मा से जोड़ने और उसका उपयोग विश्व कल्याण के पथ पर आगे बढ़ने के लिए योग से बेहतर कोई माध्यम नहीं हो सकता। इसके साथ ही योग आज के समय में होने वाली कई बीमारियों का इलाज भी है।

## बदरीनाथ विस सीट पर उपचुनाव के लिए पांच प्रत्याशियों ने किए नामांकन



**गोपेश्वर।** बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। उपचुनाव के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। रिटर्निंग आफिसर आरके पांडेय ने बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन चार प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र जमा किए हैं। इसमें कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार लखपत सिंह, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी, निर्दलीय प्रत्याशी नवल किशोर खाली और बच्ची राम शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भंडारी एक दिन पहले गुरुवार को ही नामांकन कर चुके हैं। इस प्रकार बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। आगामी 24 जून को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 26 जून तक नाम वापस लिया जा सकता है। उपचुनाव के लिए विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होनी है।

# विधानसभा में कांग्रेस मजबूत होगी तो जनता की आवाज बनेगी : हरीश

**कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला ने नामांकन किया**

एजेंसी

**गोपेश्वर।** बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला ने नामांकन किया। नामांकन के बाद चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य तिराहे पर जनसभा की।

जनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विधानसभा के अंदर यदि जनता की आवाज उठाने वाला कोई नहीं होगा तो जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है इसलिए जनता को चाहिए कि एक मजबूत विपक्ष के तौर पर बदरीनाथ विधानसभा से सशक्त आवाज को विधानसभा तक पहुंचाएं, ताकि उनकी समस्याओं को उठाया जा सके और समाधान हो।

हरीश रावत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में जनता ने भाजपा को नकारा है और कांग्रेस को एक मजबूत विपक्ष के तौर पर संसद में भेजा है। उन्होंने कहा कि आज नौजवान नौकरियों के लिए दर-दर भटक रहा है लेकिन सरकार नौकरियां देने में असफल रही है। जो पेपर हो भी रहे है वह भी लीक हो रहे है।

जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि यह समय ऐसे नेताओं को सबक सीखाने का है जो जनता को बीच मझधार में छोड़ कर पाला बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि जो नेता जनता के साथ विश्वासघात करे उसे कभी माफ नहीं किया जाना चाहिए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भाजपा परिवारवाद की बात करती है उससे यह पूछा जाना चाहिए कि उनका जो प्रत्याशी इस चुनाव में खड़ा है उससे बड़ा परिवारवादी कौन हो सकता है।कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला ने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि वह उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जनता के हर दुख सुख में उनके साथ खड़े मिलेंगे।

# मेदांता हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लगा शिविर



समृद्धि न्यूज

**मानसिक शांति और तनाव कम करने में भी मददगार है योग**

**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में हॉस्पिटल के डॉक्टरों, नर्सों और मरीजों के तीमारदारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इन आसनों के साथ-साथ लोगों को प्राणायाम और ध्यान का भी अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने कहा, योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि मानसिक शांति और तनाव कम करने में भी मददगार है। मेदांता हॉस्पिटल हमेशा से लोगों को स्वस्थ रखने के लिए प्रयासरत रहा है और योग दिवस जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में एक कदम हैं।

## अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**कोलकाता ।** लोकसभा चुनाव में मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट पर पराजय झेलने के बाद दिग्गज कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बंगाल में केवल एक सीट पर विजय हासिल हुई है। अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर लोकसभा सीट से पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल उम्मीदवार युसूफ पठान ने हरा दिया था। कांग्रेस की शर्मनाक हार के बाद से अधीर रंजन चौधरी की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक बुलाई गयी है। उसके पहले ही चौधरी ने इस्तीफा दे दिया है। अधीर रंजन पांच बार बहरामपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गये थे। इस लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने कहा था कि वह नहीं जानते कि उनका राजनीतिक भविष्य कैसा होगा। उन्होंने कहा था, मुझे अभी तक अपने नेताओं की ओर से कोई फोन नहीं आया है। अधीर ने ये भी कहा था कि जब राहुल गांधी की 'पूरब-पश्चिम भारत जोड़ो यात्रा' मुर्शिदाबाद पहुंची तो हमने उसमें हिस्सा लिया।

# बेंगलुरु एफसी प्लेयर्स व भारत सरकार ने की सन किंग के साथ साझेदारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** घरों, व्यवसायों और संगठनों को चौबीसों घंटे और सातों दिन बिजली प्रदान करने में प्रमुख, पॉवरहब 3300 और पॉवरप्ले प्रो उन लोगों के लिए आदर्श सौर समाधान हैं, जिन्हें आसानी से बिजली उपलब्ध नहीं होती है। एक विशिष्ट कार्यक्रम के दौरान, सन किंग की उच्च शक्ति वाले सोलर सिस्टम्स की नई श्रृंखला- द पॉवरहब और पॉवरप्ले का अनावरण किया गया।

उक्त अनावरण बेंगलुरु एफसी के प्रमुख प्लेयर्स के करकमलों द्वारा किया गया, जिनमें दिग्गज फुटबॉल प्लेयर सुनील छेत्री, श्रेयस केतकर और विनीत संजय शामिल रहे। पॉवरहब 3300, पॉवरहब रेंज का पहला प्रोडक्ट है। इसे अविश्वसनीय इलेक्ट्रिकल ग्रिड के लिए पूर्णतः प्रतिस्थापन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। वहीं, पॉवरप्ले प्रो, पॉवरप्ले श्रृंखला में सन किंग का पहला पोर्टेबल सोलर इन्वर्टर है। यह उन लोगों के लिए एक आदर्श विकल्प है, जो अक्सर यात्राओं में शामिल रहते हैं या अपने घरों के लिए बैकअप पॉवर सप्लाई चाहते हैं। ग्रीन एनर्जी कंपनी सन किंग और बेंगलुरु एफसी के बीच विगत वर्ष सितंबर माह में विशेष साझेदारी के तहत, फुटबॉल क्लब के आधिकारिक लाइटिंग पार्टनर के रूप में, सन किंग ने बेंगलुरु एफसी के प्रशंसकों के लिए एनर्जी-एफिशिएंट इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेस की पेशकश की, जिसमें बल्ब, टॉर्च, सोलर प्रोडक्ट्स और अन्य इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट्स शामिल थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के साथ दर्शकों ने जाना कि सन किंग पॉवरहब 3300 और पॉवरप्ले प्रो सोलर सिस्टम किस तरह कुशलता से घरों और व्यवसायों को बिजली की पहुँच सुनिश्चित कर सकते हैं। भारत में इन प्रोडक्ट्स की खरीदी ग्राहक सन किंग के डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स के जरिए कर सकते हैं। साहिल खन्ना, जनरल मैनेजर, साउथ एशिया और लैटिन अमेरिका, सन किंग, ने कहा, सन किंग की स्थापना वर्ष 2009 में और बेंगलुरु एफसी की स्थापना वर्ष 2013 में हुई थी। तब से लेकर अब तक बेहद कम समय में ये दोनों ब्रांड्स फुटबॉल और स्थायी ऊर्जा के क्षेत्र में घरेलू नाम बन चुके हैं।

## भारत नवंबर में चार टी-20 मैचों के लिए करेगा दक्षिण अफ्रीका का दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 8 नवंबर से शुरू होने वाली चार मैचों की टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को एक संयुक्त बयान में उक्त जानकारी दी। सीरीज का पहला मैच डरबन के हॉलीवुडबेट्स किंग्समीड स्टेडियम में खेला जाएगा। अगला मैच 10 नवंबर को गेकेबरहा के दाफाबेट सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा। इसके बाद सीरीज हाईवेल्ड में होगी, जहां सुपरस्पोर्ट पार्क में 13 नवंबर को तीसरा और डीपी वर्ल्ड वांडरर्स स्टेडियम में 15 नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। यह दौरा भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हमेशा से ही एक गहरा और मजबूत रिश्ता रहा है, जिस पर दोनों देश गर्व करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लुढ़का पारा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर के इलाकों में आज दोपहर बाद मानसून पूर्व की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। हालांकि बारिश के कारण कई इलाकों में वाहन चालकों को सड़कों पर जाम की समस्या से रु-ब-रू होना पड़ा। मौसम विभाग का कहना है कि हालांकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 30 जून तक मानसून पहुंचने की संभावना है। फिलहाल, दो दिन बाद दिल्लीवासियों को प्रचंड लू और गर्मी से जूझना पड़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक आज की यह ताजा बारिश पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई। इस वजह से दिल्ली में पारा 3.6 डिग्री लुढ़क गया। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 40 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर राजस्थान में भी देखने को मिल रहा है। इस वजह से राजस्थान के जयपुर, बीकानेर, चुरु, जोधपुर, जैसलमेर, उदयपुर, कोटा जिलों में आज बारिश के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस क्रम में गुरुवार को भी इन जगहों पर बारिश होने से तापमान में कमी आई। इन जगहों पर गुरुवार को बारिश होने से तापमान 42.7 डिग्री के आसपास रहा। देश के विभिन्न राज्यों में बारिश के आसार बन रहे हैं। अगले 24 घंटे के दौरान असम, छत्तीसगढ़, मेघालय, बिहार के कुछ हिस्सों, विदर्भ, दक्षिण ओडिसा, कोंकण, गोवा, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की बारिश की संभावना है। कहीं कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दक्षिणी गुजरात, उत्तरी छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### स्टेनली लाइफस्टाइल्स में निवेशक 25 तक कर सकेंगे निवेश

**मुंबई/नई दिल्ली।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड कंपनी स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को निवेशकों के लिए खुल गया। खुदरा निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 जून तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 28 जून को लिस्ट होंगे। स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए कुल 537.02 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 351 रुपये से 369 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया है। इस आईपीओ में कंपनी 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कंपनी ने 337 करोड़ रुपये के 91.33 लाख इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए रखा है। बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है।

### जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 47

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कल्लकुरिची जिले के करुणापुरम गांव में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या शुक्रवार को 47 हो गयी। राज्य सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए और शोक संतप्त परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार लगभग 165 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव की लगभग हर गली में मौत हुयी है। गांव में गुरुवार से मातम छाया हुआ है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने मंगलवार रात को पाउच में बेची गई जहरीली शराब पी थी और इसके बाद जलन की शिकायत की। रिपोर्टों के अनुसार उनमें से कई बेहोश हो गए। मौतों का कारण बनने वाले मेथनॉल की आपूर्ति करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का वादा करते हुए मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि अब तक इस घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### रूस के हमले से यूक्रेन ने ब्लैकआउट की घोषणा की

**कीव।** रूस ने बुधवार रात नौ क्रूज मिसाइलों व 27 ड्रोन से यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। जिसके बाद यूक्रेन ने पूरे देश में ब्लैकआउट की घोषणा की है। वहीं, यूक्रेन ने भी रूस के तेल डिपो पर ड्रोन से हमले किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच एक दूसरे के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा है कि तीन महीने पहले यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर सातवां बड़ा हमला करने वाले रूस ने अब फिर नौ मिसाइलों व 27 शहीद ड्रोन से यूक्रेन के मध्य व पूर्वी क्षेत्र में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया है। यूक्रेन ने कहा कि सुरक्षाबलों ने रूस के सभी ड्रोन और पांच क्रूज मिसाइलों को रोकने में सफलता हासिल की है। नेशनल पावर कंपनी यूक्रेनेरगो के अनुसार, रूसी हमले में सात कर्मचारी घायल हुए हैं। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यूक्रेन के बिजली संयत्रों को निशाना बनाने का उद्देश्य उसकी रक्षा तैयारियों को बाधित करना है। पश्चिमी सैन्य मदद पर निर्भर यूक्रेन सीमित, किंतु तेजी से रक्षा उद्योग को विकसित कर रहा है। इस बीच, रूसी प्राधिकरण के दो रीजन के अधिकारियों ने यूक्रेन द्वारा तेल डिपो को ड्रोन से निशाना बनाने की रिपोर्ट दी है।

# जम्मू कश्मीर ने की अवसरों के युग की शुरुआत

**उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर ट्रेड शो का किया उद्घाटन**

एजेंसी



**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को श्रीनगर स्थित कश्मीर हेरिटेज गवर्नमेंट आर्ट्स एम्पोरियम में जम्मू-कश्मीर ट्रेड शो 2024 का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने कारीगरों, बुनकरों, उत्पादकों और व्यवसाय उद्यमियों का स्वागत किया। उन्होंने हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि और बागवानी के विविध क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और वाणिज्य विभाग और जम्मू-कश्मीर व्यापार और संवर्धन संगठन के प्रयासों की सराहना की।

उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर व्यापार शो दर्शाता है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर ने अवसरों के युग की शुरुआत की है। यह केंद्र शासित प्रदेश में एक जीवंत व्यापार और व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और वैश्विक बाजार में जम्मू-कश्मीर की अनूठी सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत को एक नई पहचान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दोहराता है।

उपराज्यपाल ने कृषि, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। उपराज्यपाल ने कहा कि हम सतत विकास और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, विरासत, कृषि उत्कृष्टता को ध्यान में रखते हुए नीतियां बना रहे हैं और उन्हें क्रियान्वित कर रहे हैं।

मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि एक जिला, एक उत्पाद आर्थिक अवसरों को प्रोत्साहित कर रहा है। अटल डुल्लू मुख्य सचिव, विधि कुमार बिरदी आईजीपी कश्मीर, विक्रमजीत सिंह आयुक्त सचिव उद्योग और वाणिज्य विभाग, विजय बिधूड़ी संभागीय आयुक्त कश्मीर, खालिद जहाँगीर, प्रबंध निदेशक, जेकेटीपीओ, वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के खिलाड़ी, खरीदार, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### प्रशासन ब्रांड जम्मू कश्मीर को बढ़ावा देने में रहा सफल

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन वैश्विक मंच पर ब्रांड जम्मू कश्मीर को बढ़ावा देने में सफल रहा है। उपराज्यपाल ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के हमारे मंत्र ने कारीगरों, बुनकरों, किसानों, उद्यमियों और अन्य हितधारकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।प्रधानमंत्री की हाल की जम्मू-कश्मीर यात्रा पर बोलते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और युवाओं को सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर को बदलना जैसे कार्यक्रमों का नेतृत्व करते हुए जम्मू कश्मीर की विकास यात्रा को एक नई गति दी है। उद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि और संबद्ध क्षेत्र, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में विकास के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए उपराज्यपाल ने कारीगरों, बुनकरों, खरीदारों, उत्पादकों और उद्यमियों से जम्मू कश्मीर की क्षमता को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। इससे पहले उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर और अन्य क्षेत्रों के कारीगरों, बुनकरों, उत्पादकों और उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का दौरा किया, जहाँ उन्होंने भारत और विदेश से आए खरीदारों के समक्ष अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।

# गोडावन आर्टिसानल सिंगल माल्ट ने यूपी व असम में रखा कदम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत का सबसे ज्यादा बार पुरस्कृत और सिंगल माल्ट व्हिस्की का जाना-माना नाम गोडावन आर्टिसानल सिंगल माल्ट, ने उत्तर प्रदेश और असम में विस्तार करने की घोषणा की है। इस कदम के साथ इसने भारत के 12 राज्यों में अपनी जगह बना ली है। गोडावन, डियाजियो इंडिया की द गुड क्राफ्ट कंपनी का एक वेंचर है जो एक खास प्रकार की सिंगल माल्ट माल्ट तैयार कर रहा है। अपने इस उत्पाद के जरिये यह पारंपरिक व्हिस्की के उत्पादन मानदंड और धारणाओं को चुनौती दे रहा है।

कंपनी ने यह घोषणा, कई अवार्ड अपने नाम करने के बाद की है। गोडावन ने अब तक लिक्विड इनोवेशन और डिज़ाइन के लिए 50 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किये हैं। हाल ही में गोडावन को न्यूयॉर्क इंटरनेशनल स्पिरिट्स कॉम्पीटीशन 2024 में इंडियन व्हिस्की प्रोड्यूसर ऑफ द ईयर के ख़िताब से नवाजा गया हैं और इसके दो मुख्य उत्पाद रिच एंड राउंडेड और फ्रूट एंड स्पाइस, दोनों को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया हैं। गोडावन के कलेक्टर एडिशन, गोडावन 100 ने भी अपनी उपलब्धि से सबका ध्यान खिंचा हैं। हाल ही में, इसे इंटरनेशनल टेस्ट इंस्टीट्यूट अवार्ड्स 2024 में बेस्ट सिंगल माल्ट का दर्जा दिया गया हैं। देश में गोडावन के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए, डियाजियो इंडिया के चीफ इनोवेशन ऑफ़िसर, विक्रम दामोदरन का कहना हैं कि, हम उत्तर प्रदेश और असम में अपने विस्तार की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।